जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 31 संख्याः 149 प्रभात उदयपुर, बुधवार 3 अप्रेल, 2024 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कोटपूतली में ''विजय शंखनाद रैली'' की। इस विशाल जनसभा से प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी के धुआँधार प्रचार अभियान की शुरुआत हो गई है। रैली में सबसे अहम बात यह देखी गई कि, प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश भाजपा के प्रमुख नेताओं को मंच पर बुलाकर उनसे मंच पर ही ''वन-टू-वन'' वार्ता की। चित्र में प्रधानमंत्री के साथ मु.मंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ नज़र आ रहे हैं।*

# 'एक तरफ राष्ट्र को लेकर चलने वाली भाजपा है तो दूसरी तरफ देश को लूटने वाली कांग्रेस पार्टी है'

## कोटपूतली की विजय शंखनाद रैली में प्रधानमंत्री मोदी के जनता से ''कनैक्ट'' का जादू पूरी तरह से बरकरार दिखा

- **प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ये चुनाव विकसित राजस्थान और विकसित भारत का चुनाव है।**
- **मोदी ने कहा, वर्ष 2019 में पहली चुनावी सभा ढूढांड़ से शुरू थी और 2024 में भी पहली सभा ढूंढाड़ से ही हुई है। इस बार भी प्रदेश की जनता 25 की 25 सीटें पर भाजपा को जिताने का संकल्प कर चुकी है।**
- **मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस का मतलब है देश की बीमारी की जड़। कोई भी समस्या उठाकर देख लो, जड़ में कांग्रेस ही नज़र आएगी।**
- **जनसभा को राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी संबोधित किया और कहा गरीबों का सही मायने में 2014 में मोदी सरकार आने के बाद ही उत्थान हुआ है। उन्होंने कहा अगर कहीं गारंटी की भी गारंटी है तो वह है प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी।**
- **जनसभा में खास बात यह देखी गई है कि, प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के खास नेताओं को मंच पर बुलाकर उनके साथ वन-टू-वन बात की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया और वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राठौड़ के साथ प्रधानमंत्री ने मंच पर महत्वपूर्ण चर्चा की।**

जयपुर, 2 अप्रेल। मंगलवार को कोटपूतली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विजय शंखनाद रैली के साथ भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान का आगाज़ किया और कहा कि 2024 के चुनाव में देश की सियासत दो खेमों में बंटी नज़र आ रही हैं। एक तरफ तो राष्ट्र को लेकर चलने वाली भाजपा है तो दूसरी तरफ देश को लूटने वाली कांग्रेस है। एक तरफ देश का परिवार मानने वाली भाजपा है तो दूसरी तरफ एक परिवार को देश से भी बड़ा मानने वाली कांग्रेस है। एक तरफ देश का गौरव बढ़ाने वाली भाजपा है और दूसरी तरफ विदेशों में जाकर देश को गाली देने वाली कांग्रेस है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह सामान्य चुनाव नहीं है, यह तो विकसित राजस्थान और विकसित भारत के संकल्प का चुनाव है।

ये चुनाव भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए है। यह चुनाव भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए है। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और विपक्षी दलों के गठबंधन ''इंडिया'' पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग देश के लिए नहीं बल्कि अपने स्वार्थ के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। मोदी ने कहा कि ''मैं परिवारवादी पार्टियों और उनके नीतियों पर सवाल उठाता हूं तो मैं उनके निशाने पर हूं। वो मुझे गालियां देते हैं। वो यहां तक कह देते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। क्या परिवार हो तो भ्रष्टाचार का लाइसेंस मिल जाता है? मेरा भारत मेरा परिवार है। उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरों की धरती है, ये जुबान के पक्के लोगों की धरती है। इस धरती पर कहना चाहता हूं कि आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। पिछली सरकारों ने जिसे पूछा नहीं, मोदी ने उसे पूजा है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश के करोड़ों छोटे किसानों को कभी नहीं पूछा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पूर्वी राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट की परियोजना को कांग्रेस ने दशकों तक लटकाए रखा, पर भाजपा ने हरियाणा से आने वाले यमुना के पानी की समस्या को भी हल कर दिया है। ये सारे काम हम इसलिए कर पाए, क्योंकि हमारी नीयत सही है। हम ईमानदारी से सेवा का प्रयास करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज देश में भाजपा का मतलब है विकास और समाधान और कांग्रेस का मतलब है देश की बीमारी की जड़। उन्होंने आरोप लगाया कि कोई भी बड़ी समस्या देखेंगे तो उसमें कांग्रेस नजर आएगी। कांग्रेस ने कभी हमारी सेना को आत्मनिर्भर नहीं होने दिया, कांग्रेस के समय में भारत की पहचान दुनिया में सबसे बड़े हथियार आयात करने वाले देश के रूप में थी। आज देश की पहचान हथियार निर्यात करने वाले देश के रूप में बन रही है। कल ही भारत ने हथियार निर्यात में में रिकॉर्ड बनाया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की सफलता के बीच मैंने कभी, ये दावा नहीं किया कि 10 साल में हमने सबकुछ कर दिया, लेकिन ये भी सच है जो काम आजादी के 5-6 दशकों में नहीं हो पाए वो काम हमने करके दिखाए हैं।

सभा के दौरान पीएम मोदी ने आर्टिकल 370 और राम मंदिर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले कहते थे कोई धारा 370 छुएगा तो देश में करंट लग जाएगा। इनको पता नहीं है ये मोदी है. कश्मीर से 370 हटा दिया। उन्होंने कहा कि लोग कहते थे कि राममंदिर का नाम भी लोगे तो देश जल मरेगा, आग लग जाएगी। भव्य राम मंदिर बना, वहां दीये जले, आग नहीं लगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने जयपुर की भी प्रशंसा की और कहा, जयपुर का जलवा तो कुछ दिन पहले जब फ्रांस के राष्ट्रपति यहां आए थे, उस समय मेरे साथ पूरी दुनिया ने देखा है। उन्होंने कहा 2019 में पहली चुनावी सभा भी ढूंढाड़ से शुरू हुई थी। वर्ष 2024 में भी इसी क्षेत्र से चुनावी सभा की शुरुआत हो रही है।

मोदी ने कहा, एक तरफ देश का गौरव बढ़ाने वाली भाजपा है तो दूसरी तरफ विदेशों में भारत को गाली देने वाली कांग्रेस है। राजस्थान निर्णय करने के लिए तैयार है और कहा कि राजस्थान ने 2014 में बीजेपी को 25 की 25 सीटें दी थी। 2019 में भी एन.डी.ए. को 25 की 25 सीटें दी थी और अब 2024 में भी राजस्थान 25 की 25 सीटें देने का फैसला कर चुका है। कभी श्रमिकों, मजदूरों को पूछने के लिए कांग्रेस के पास फुर्सत नहीं थी। मोदी ने उन्हें वन नेशन वन राशन कार्ड सुविधा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या यह ज़मीनी ''फीडबैक'' का असर है?

## भाजपा नरम पड़ी, कांग्रेस से इनकम टैक्स की वसूली के मामले में, तथा आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी के मामले में

- **न्यायालय में सरकारी वकील ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी के इनकम टैक्स के मामलों को चुनाव के बाद ''डील'' करेंगे। ऐसी जल्दबाजी नहीं है, इन मामलों पर अभी ही कार्यवाही की जाये।**
- **साथ ही, ई.डी. ने आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह की जमानत लेकर रिहाई की मांग के लिये दायर याचिका का कोई विरोध नहीं किया न्यायालय में, और संजय सिंह जेल से रिहा हुए।**
- **सरकार का इन दोनों मामलों में अचानक नरम रुख अपनाने पर हर्ष व विस्मय दोनों है। ऐसा माना जा रहा है कि, केजरीवाल की गिरफ्तारी व ई.डी. की ''सैलक्टिव'' कार्यवाही से काफी बेचैनी सी फैल रही थी, तथा इस बैचेनी को समझकर, सरकार ने इन मामलों में नरम रुख अपनाने का निर्णय लिया है।**

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 अप्रेल। भाजपा ने जन सामान्य के बीच हो रही उसकी आलोचनाओं की प्रतिक्रिया देना शुरु कर दिया है। जिस तरीके से अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी की गई और कांग्रेस के फण्ड्स फ्रीज़ किए तथा आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी पर शिकंजा कसा, उसका मैसेज सत्तारूढ़ पार्टी के लिए अच्छा नहीं गया। सत्तारूढ़ भाजपा अब बैकफुट पर है तथा सत्ता के दुरुपयोग के कलंक को मिटाना चाहती है। नवनियुक्त दोनों चुनाव आयुक्तों ने सभी राजनीतिक पार्टियों को समान अवसर उपलब्ध करवाने की बात कही है।

सूत्र कहते हैं कि पार्टी नेतृत्व के खिलाफ आमजन में बढ़ती आलोचना का जवाब देने के लिए पार्टी अपने कदम पीछे खींचकर अपने निर्णयों में संशोधन कर रही है।

कल कोर्ट में एक सरकारी वकील ने कहा कि कांग्रेस के इनकम टैक्स के मसले से लोकसभा चुनावों के बाद निपटा जा सकता है तथा इस प्रकरण को अभी हाथ में लेने की कोई जल्दबाजी नहीं है।

इस मुद्दे से जिस तरीके से अब निपटा जा रहा है, वह अपने आप में एक पूर्ण यू-टर्न है। एक सीनियर नेता ने कहा कि इससे कांग्रेस को एक बड़ी राहत मिली है। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी के सीनियर नेता संजय सिंह को आज जेल से रिहा कर दिया गया। संजय सिंह को जब जमानत पर रिहा किया गया तब ई.डी. ने इस आधार पर उसका विरोध नहीं किया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भाजपा सांसद अजय निषाद कांग्रेस में शामिल

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 अप्रैल। अजय निषाद, जो भाजपा टिकट पर वर्ष 2014 और 2019 में सांसद चुने गए थे, ने मंगलवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय पर कांग्रेस जॉइन कर ली।

अजय कैप्टन जयनारायण निषाद के बेटे हैं। जयनारायण निषाद, कांग्रेस नेता के रूप में मुजफ्फरपुर से चार बार

- **अजय निषाद पूर्व कांग्रेसी नेता कैप्टन जयनारायण निषाद के पुत्र हैं।**

चुनाव जीते थे और और उन्होंने ई.बी.सी. (अत्यधिक पिछड़ा वर्ग) आंदोलन की शुरूआत की थी। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि, अजय के कांग्रेस में आने से पार्टी को पूरे मुजफ्फरपुर और समीपवर्ती इलाकों जैसे कि, दरभंगा, मधुबनी, चंपारण क्षेत्रों में अत्यधिक पिछड़ा वर्ग के मतों के कारण लाभ मिलेगा। बिहार के प्रभारी नेता, मोहन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# साठ साल पुराना राजनीतिक ड्रामा एक बार फिर दोहराया जा रहा है बारामती में

- **1967 में शरद पवार के बड़े भाई बसंत राव पवार, पेज़ैन्ट्स एण्ड वर्कर्स पार्टी के उम्मीदवार क रूप में खड़े हुए थे बारामती से तथा शरद पवार ने उनका विरोध किया था, कांग्रेस के नेता के रूप में।**
- **बसंत राव पवार हार गये थे तथा उस चुनाव ने शरद पवार के राजनीतिक कैरियर की शुरूआत की।**
- **इस बार बारामती से शरद पवार की पुत्री सुप्रिया सुले के खिलाफ अजीत पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार खड़ी हो गयी हैं।**
- **यह चुनावी दंगल 1960 के दशक के चुनाव से एक मामले में एकदम भिन्न है। इस समय अजीत पवार एक दम अकेले पड़ गये हैं पवार परिवार में, यहां तक कि, अजीत पवार के छोटे भाई भी शरद पवार की पुत्री सुप्रिया सुले के पक्ष में हैं तथा सुप्रिया के पक्ष में जमकर काम कर रहे हैं।**

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 अप्रेल। बारामती लोकसभा सीट के लिए सुनेत्रा पवार और सुप्रिया सुले की लड़ाई, साठ के दशक में पवार परिवार में हुए पहले टकराव की याद दिलाती है, जिसमें शरद पवार ने बारामती में अपने भाई वसंतराव पवार के विरूद्ध प्रचार किया था।

शरद पवार की बेटी सुप्रिया अपनी भाभी, अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा के विरूद्ध चुनाव मैदान में हैं, जिसे हाई वोल्टेज प्रतिस्पर्धा के रूप में देखा जा रहा है।

साठ के दशक में शरद पवार और उनके बड़े भाई, वसंतराव पवार, निवर्तमान सांसद केशवराव जेधे की मृत्यु के बाद बारामती के उपचुनाव में एक-दूसरे के आमने-सामने थे।

वसंतराव पैज़ैन्ट्स एण्ड वर्कर्स पार्टी (पी.डब्ल्यु.पी.) की तरफ से चुनाव लड़ रहे थे, जबकि, शरद पवार कांग्रेस के सदस्य व पदाधिकारी थे। हालांकि, शरद पवार चुनाव नहीं लड़ रहे थे, लेकिन, उन्होंने अपने भाई के विरूद्ध प्रचार करने का निर्णय लिया और कांग्रेस के लिए काम किया। उस चुनाव में वसंतराव हार गए और उससे शरद पवार के राजनीतिक जीवन को उछाल मिला और कांग्रेस ने 1967 में उन्हें बारामती से चुनाव मैदान में उतारा, जिसमें पवार विजयी रहे।

चौंसठ साल बाद पवार परिवार वैसी ही स्थिति का सामना कर रहा है। ताई (सुप्रिया सुले) वहिनी (सुनेत्रा पवार) में से एक को चुनना बारामती की जनता के लिए ''धर्म युद्ध'' जैसी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# शांति धारीवाल की बहू एकता भाजपा जॉइन करेंगी?

कोटा, 2 अप्रेल (नि.स.)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व यू.डी.एच. मंत्री शांति धारीवाल की बहू एकता धारीवाल के भाजपा जॉइन करने की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

अटकलें है कि भाजपा नेता प्रहलाद गुंजल के कांग्रेस में शामिल होने से एकता धारीवाल काफी खफा हैं।

- **चर्चा है कि, भाजपा नेता प्रहलाद गुंजल के कांग्रेस में आने से एकता नाराज़ हैं।**

उनको शिकायत यह है कि गुंजल को कांग्रेस में शामिल करने से पूर्व पार्टी ने उनके परिवार की राय तक लेना उचित नही समझा। जानकार सूत्रों के अनुसार, भाजपा में शामिल होने पर एकता जी को सम्मानजनक पद, जो कम से कम राज्य मंत्री स्तर का हो, देने का आश्वासन दिया गया है। इसके अतिरिक्त उनको या

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेलंगाना व कर्नाटक की जीत के बाद, कांग्रेस अब फिल्मी डायलॉग्स का भरपूर उपयोग कर रही है चुनाव अभियान में

## लोकप्रिय फिल्मी डायलॉग्स का मैसेज देने के लिये उपयोग भाजपा ही नहीं कांग्रेस भी जमकर कर रही है

- **राहुल गांधी ने शोले के जाने-माने खलनायक गब्बर सिंह के नाम को काम में लिया, जी.एस.टी. को गब्बर सिंह टैक्स का नाम देकर।**
- **कांग्रेस ने शोले के जय (अमिताभ बच्चन) द्वारा उसके मित्र वीरू (धर्मेन्द्र) के बसंती (हेमामालिनी) के साथ विवाह का प्रस्ताव बसंती की मौसी के समक्ष प्रस्तुत करने के स्टाइल की कॉपी की है, कर्नाटक में मोदी को अविश्वास के योग्य नेता बताने के लिये।**

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 अप्रैल। कर्नाटक और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनावी मैसेजेज़ एक शानदार आकर्षक और दिलकश प्रचार अभियान चलाया था। उसमें ''पे-टीम'' पेमैन्ट के जाने माने लोगों पर ''पे सीएम'' लिखकर तत्कालीन मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई का चरित्र चित्रण किया और हैदराबाद शहर के मध्य में एक विशाल होर्डिंग्स लगाकर उसके नीचे बड़ी कठपुतलियां लटकायीं गई, जिनके माध्यम से तेलंगाना के तत्कालीन मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव को भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी की बी टीम बनाया गया था।

ये बेहद कौशलपूर्ण व माकूल चुनाव प्रचार एकदम सटीक रहा था और कांग्रेस को कर्नाटक और तेलंगाना में इसका सर्वाधिक लाभ मिला। वह दोनों राज्यों में सत्ता में आ गई। तेलंगाना में ये कांग्रेस पिछले कई वर्षों से सत्ता की दौड़ में बने रहने लायक भी नहीं थी। बाहरी नेताओं के साथ-साथ कांग्रेस के कुछ नेता भी मानते थे कि पार्टी यहां से कुछेक सीटें जीतने की स्थिति में भी नहीं है। एक समय तो ऐसा था जब बी.आर.एस. और भाजपा, दोनों ही तेलंगाना में सत्ता प्राप्ति के लिए आपस में ही सीधे मुकाबले की योजना बना रहे थे, लेकिन कांग्रेस ने शांति से और पूरी मजबूती से इन दोनों की योजना विफल कर दी थी। भाजपा तो यह भी नहीं जान पायी कि वह कब चुनावी दौड़ से पूरी तरह बाहर हो गई।

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का चुनाव प्रचार अभियान कुछ ऐसा है जिसे सोशल मीडिया पर अब तक कम ही देखा गया है। यह विधानसभा चुनावों में उसके सफल प्रचार मैसेजेज़ से प्रेरित है, जिनमें अत्यधिक लोकप्रिय मैसेजेज़ का उपयोग किया गया और इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक ऐसे अविश्वसनीय व्यक्ति के रूप में चित्रित करने के लिए जिस पर किसी को विश्वास नहीं करना चाहिए, क्लासिक फिल्म शोले की थीम ली गई है।

उसमें भी शोले के उस बेहद लोकप्रिय सीन की थीम ली गई है, जिसमें अमिताभ बच्चन (जय) हेमामालिनी (बसंती) की मौसी (लीला मिश्रा) से अपने दोस्त वीरू (धर्मेन्द्र) और बसंती की शादी की बात करते हैं और अपने दोस्त की सारी बुराईयों का बखान गुणों के रूप में करते हैं, लेकिन सहज ही है कि मौसी इस विवाह प्रस्ताव को मानने से स्पष्ट रूप से इंकार कर देती है।

उक्त थीम के नाट्य रूपान्तर वाले कांग्रेस के चुनाव प्रचार विज्ञापन में अमिताभ बच्चन की भूमिका निभाने वाला पात्र प्रधानमंत्री मोदी को नेता के रूप में सबसे अच्छा और योग्य उम्मीदवार बताता है और प्रधानमंत्री के गुणों की इस सकारात्मक अंदाज से प्रशंसा करता है कि उनके ये गुण मौसी को भयावह प्रतीत होते हैं।

कांग्रेस चुनाव प्रचार अभियान के इस विज्ञापन में अमिताभ बच्चन की भूमिका निभाने वाला व्यक्ति मौसी को एक सच्चे व्यक्ति (अपने मित्र) को वोट देने के लिए मनाने की कोशिश करता है और मौसी जब यह पूछती है कि उसके भतीजे को नौकरी कब मिलेगी तो वह स्पष्ट करता है कि बस एक बार दरभंगा का एम्स बन जाए तो फिर बहुत सी नौकरियां उपलब्ध हो जाएंगी। इस पर मौसी कहती है कि पिछले दस साल में तो अब तक कुछ भी नहीं हुआ। इसके बाद वह एक के बाद एक कारण गिनाते हुए कहता है कि उसका दोस्त एक बहुत ही अद्भुत व्यक्ति है। एक बार उसे 4 सौ सीटें मिल जाए फिर देखो हर किसी के लिए सब कुछ कितना अच्छा हो जाएगा। मोदी के लिए वह चुटकी लेते हुए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आप नेता संजय सिंह को जमानत मिली

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 अप्रेल। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना की बैंच ने आप सांसद संजय सिंह को दिल्ली शराब घोटाले में जमानत दे दी। जमानत के कायदे व शर्तें ट्रायल कोर्ट द्वारा फिक्स किए जाएंगे।

- **सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के शराब घोटाले में संजय सिंह को जमानत दे दी। संजय सिंह पहले आप नेता हैं, जिन्हें इस मामले में जमानत मिली है।**

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संजय सिंह की जमानत को मिसाल के तौर पर नहीं लिया जा सकता है। आप नेता को जमानत इसलिए दी गई क्योंकि कोर्ट में ई.डी. ने कहा कि अगर आप नेता संजय सिंह को इस केस में जमानत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

दानी कभी दुःख नहीं पाता, उसे कभी पाप नहीं घेरता। –ऋग्वेद

# चुनाव लड़ने के लिये अंटी में अपार पैसा होना जरूरी

देश की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का कहना है कि उनके पास लोकसभा चुनाव लड़ने के लिये पैसे नहीं हैं। एक मीडिया ईवेंट में बोलते हुए उन्होंने कहा कि उनके सामने यह भी समस्या थी कि वो चुनाव तमिलनाडु से लड़ें या आंध्र प्रदेश से। तमिलनाडु उनका गृह राज्य है और आंध्र प्रदेश उनके पति का। इन दो कारणों के अलावा सीतारमण ने एक और कारण की भी चर्चा की। उन्होंने कहा, ''चुनाव जीतने की दूसरी कई कसौटियां जिनका इस्तेमाल ये लोग करते हैं, उनका सवाल भी उठेगा...आप किस समुदाय से हैं या आप किस धर्म से हैं...मैंने कहा नहीं, मुझे नहीं लगता है कि मैं यह कर पाऊंगी।'' अपने इस बयान से सीतारमण ने उन दो शक्तियों को रेखांकित कर दिया जो चुनाव में हर प्रत्याशी की किस्मत का फैसला करती हैं लेकिन जिनकी भूमिका को कोई खुल कर स्वीकार नहीं करता – पैसा और जाति व धर्म की पहचान। अभी सीतारमण राज्यसभा की सदस्य हैं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दोनों कार्यकाल में मंत्री रही हैं और दोनों बार राज्यसभा के ज़रिए ही संसद में पहुंची है। बीजेपी इस बार राज्यसभा के ज़रिए संसद पहुंचे अपने मंत्रियों को लोकसभा चुनाव लड़ा रही है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के अलावा पर्यावरण और श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। अभी दोनों ही राज्यसभा के सदस्य हैं। चुनाव की जंग में जाति और धर्म की पहचान के बावजूद पैसे की अहमियत कम नहीं हो जाती। यह बात देश का वित्तमंत्री की कुर्सी पर बैठा व्यक्ति कहे तो उस पर शंका करने की कोई गुंजाइश नहीं रहती। प्रधानमंत्री कार्यालय की वेबसाइट पर 2022-23 के सीतारमण के हलफनामे के मुताबिक उनके पास करीब 2.57 करोड़ रुपयों की चल और अचल संपत्ति है। राज्यसभा में दिए गए उनके एक अन्य हलफनामे के मुताबिक इमारत 10,854 वर्ग फुट की है और प्लॉट 4,806 वर्ग फुट का। वित्त मंत्री के पास कोई गाड़ी नहीं है, बस एक स्कूटर है जिसकी कीमत उन्होंने 28,200 रुपये बताई है। इसी हलफनामे के मुताबिक 2020-21 में उन्होंने 8,08,000 रुपये मंत्री के रूप में वेतन से पाए। अपने पति की संपत्ति के बारे में उन्होंने कोई जानकारी साझा नहीं की है। जब ऐसा संपत्ति धारक भी कहे कि उसके पास चुनाव लड़ने को पैसे नहीं है तो यह पूछा जाना स्वाभाविक ही है कि क्या इस देश में जन प्रतिनिधि के लिए धनी होना पहली शर्त हो गई है?

कानूनी रूप से चुनावों में कोई भी प्रत्याशी कितना खर्च सकता है उसके लिए एक सीमा तय है। 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए चुनाव आयोग ने 95 लाख रुपये प्रति प्रत्याशी की सीमा तय की है। सीतारमण की संपत्ति देखी जाए तो वे इस सीमा का खर्च उठाने में सक्षम लगती हैं। लेकिन हकीकत यह है कि चुनावों में इस निर्धारित सीमा से कई गुना अधिक पैसा खर्च होता है। अमेरिकी पत्रिका द इकोनॉमिस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2024 के लोकसभा चुनाव दुनिया के सबसे महंगे चुनाव साबित हो सकते हैं –अमेरिकी चुनावों से भी ज्यादा महंगे। इस रिपोर्ट के मुताबिक इन लोकसभा चुनावों में कम से कम 83 हजार करोड़ रुपये खर्च हो सकते हैं। इसका मतलब है 543 सीटों के हिसाब से औसतन हर सीट के लिए कम से कम 153 करोड़ रुपये। इससे पहले एक भारतीय निजी संस्थान ने 2019 के लोकसभा चुनावों में हुए खर्च का अनुमान लगाया था। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के मुताबिक 2019 में कुल 55 से 60,000 करोड़ रुपये खर्च हुए थे, यानी करीब 100 करोड़ प्रति सीट। अगर हर सीट पर 10 गंभीर प्रत्याशी भी हों, तो हर प्रत्याशी को कम से कम 10 करोड़ रुपये तो खर्च करने ही पड़ेगे और सीतारमणके पास सिर्फ ढाई करोड़ रुपये हैं। कहने को तो चुनाव में खर्चा प्रत्याशी की बात मतदाताओं तक पहुंचाने के लिये किया जाता है मगर वास्तव में चुनावी प्रचार की व्यवस्था इतनी आसान नहीं है। बहुत से लोग मानते हैं कि भारतीय मतदाता, बाज़ार में निवेशक की भांति व्यवहार करता है। वह उसी स्क्रिप्ट के पीछे दीवाना रहता है जो ऊंची चढ़ रही हो। स्क्रिप्ट को ऊंचा चढ़ाने के लिये ही सारे प्रपंच होते हैं और उस पर पैसे खर्च होते हैं। इन प्रपंचों में अब एक नया खंड इंफ्लुएंसर्सका भी जुड़ गया है। वह इसलिए कि भारत दुनिया में इंटरनेट का उपयोग करने वाला सबसे बड़ा देश है। यहां इसके 80 करोड़ उपयोगकर्ता हैं। इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया के सबसे ज्यादा उपभोक्ता भी इसी देश में हैं। इसीलिए राजनीतिक दलों को लग रहा है कि इनइंफ्लुएंसर्स की बड़ी ताकत है जिसका लाभ उठाना चाहिए। नये मीडिया को अपनाने अव्वल प्रधानमंत्री ने खुद सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए पिछले एक साल में कई सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स से बात या मुलाकात की है। ये इंफ्लुएंसर्स सभी ऐसे लोग हैं जिनके इंस्टा या यूट्यूब पर फॉलोअर्स की बड़ी संख्या है। कुछ तो ऐसे हैं जिनके फॉलोअर्स करोड़ों में हैं। मुख्य धारा के मीडिया के घटते प्रभाव को भुनाते हुए सोशल मीडिया से पैसा कमाने का यह एक नया उद्यम बन गया है। हम पाते हैं कि केंद्र तथा राज्यों के मंत्रीतथा अन्य नेता मुख्यधारा के मीडिया को दरकिनार कर इन लोगों से मेलजोल अधिक बढ़ा रहे हैं। इनमें ट्रैवल, फूड, धर्म और प्रौद्योगिकी, हर तरह के क्षेत्र के इंफ्लुएंसर्स शामिल हैं। पिछले साल बीजेपी ने इन क्षेत्रों के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स का एक सम्मेलन भी बुलाया था जिसमें उन्हें बीजेपी की नीतियों और नौ साल में सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया था तथा उन्हें इनके बारे में सामग्री बनाने और आगे शेयर करने का कहा था। संचार जगत में यह माना जाता है कि अगर कोई तीसरा बात करता है तो उससे उत्पाद की विश्वसनीयता बढ़ती है। ऐसा ही यदि राजनैतिक दलों और विचारों के लिए हो तो मतदाताओं के मन में उन पर भरोसा बढ़ता है। इंफ्लुएंसर्स का फायदा उठाने की कोशिश सिर्फ बीजेपी ही नहीं कर रही है। सोशल मीडिया पर कांग्रेस भी इन इंफ्लुएंसर्स के जरिए लोगों का रुझान अपनी ओर करने की कोशिश कर रही है। पिछले साल पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने भी ऐसे ही प्रयोग किए थे। दक्षिण में तेलंगाना की भारत राष्ट्र समिति ने राज्य चुनाव में अपने प्रचार के लिए करीब 250 इंफ्लुएंसर्स को साथ लिया था। राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इनका जम कर उपयोग किया था, भले ही चुनावी नतीजों में वे पिछड़ गए। इस प्रकार पोस्टरों, बैनर, प्रिन्ट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन, सभाओं के आयोजन, प्रचारकों के यातायात के खर्चों तथा मतदाताओं के सीधे प्रलोभनों के अलावा चुनावों में यह नया खर्च जुड़ गया है। राजनेता यह खर्च खासकर युवा मतदाताओं को अपनी ओर करने के लिये करते हैं। इस बार लोकसभा चुनावों में भारत में दो करोड़ से ज्यादा ऐसे मतदाता हैं जिनकी उम्र 18 से 29 साल के बीच है। ये वे लोग हैं जिन्हें इंटरनेट पर सबसे सक्रिय माना जाता है। इसी आयुवर्ग के मतदाता जो वॉट्सऐप और फेसबुक, रील्स के उपभोक्ता होते है और वे हर नए चुनावों में पहली बार वोट देने वालों में होते हैं। इंफ्लुएंसर्स के जरिए राजनीतिक दल सीधे इन लोगों तक पहुंच बना कर उन्हें अपनी ओर करने का प्रयत्न करते हैं। संचार विशेषज्ञ मानते हैं कि इंफ्लुएंसर्स की सोशल मीडिया पोस्ट सीधा प्रोपेगैंडा होती है जो बाजार के उत्पादों की तरह नेताओं और विचारों को मतदाताओं के दिमाग में उतरने का प्रयास करती है। इसलिए प्रचार उद्यम इन दिनों ऐसी व्यावसायिक सेवा बन गया है जो राजनेताओं के लिये भी काम करता है। मीडिया विशेषज्ञ मानते हैं कि भारतीय मतदाता शेयर मार्केट के छोटे निवेशकों की भांति व्यवहार करने लगा है। जिस प्रकार ऊंचे चढ़ते स्क्रिप्ट की तरफ ही अधिकतर निवेशक लपकते हैं उसी प्रकार भारतीय मतदाता भी उसे अपना मत देता है जिसके जीतने की प्रत्यक्ष होती है। छोटा निवेशक अपने निवेश से बाज़ार में तुरंत फायदा चाहता है। शेयर बाज़ार में अधिकांश देशी निवेशक लंबे काल के लिये निवेश नहीं करते। उन्हें इसी से मतलब होता है आज क्या मिल रहा है। सभी जानते हैं कि मतदाताओं के ऐसे समूह हर जगह होते हैं जो प्रत्याशी से अपने वोट के बदले कुछ अपेक्षा करता है। इसी कारण चुनाव में नकदी का प्रचलन सबसे अधिक होता है जिसका कोई हिसाब किताब नहीं होता। वह काला धन होता है। इलेक्टोराल बॉन्ड ने अपनी खामियों के बावजूद नकदी की जगह बैंकिंग चैनल से लेनदेन की व्यवस्था करके काले धन पर अंकुश जरूर लगाया था। वह स्कीम अब समाप्त हो गई है और चुनावों में फिर से नकद चंदे का बोलबाला हो गया है। विराट चुनावी खर्च के लिये पैसा नहीं होने की बात करके सीतारमण ने फिर से हमें यह सोचने को मजबूर किया है कि किस प्रकार पैसा प्रत्यासी की काबिलियत पर हावी हो जाता है। संविधान निर्माताओं ने राज्यसभा में ऐसे लोगों को लाने की संवैधानिक व्यवस्था दी जिसके जरिए ऐसे लोगों का लाभ शासन को मिल सके जो प्रतिस्पर्धी चुनावी राजनीति में नहीं पड़ना चाहते। विशेषज्ञों के अनुभवों का लाभ लेने के लिये उन्हें राज्यसभा के जरिए संसद में लाने की संविधान बनाने वालों ने संभवतः कल्पना की थी। हालांकि उनका यह आदर्श टिक नहीं सका है और अमीर, उद्योगपति तथा बड़े राजनेताओं के चहेते भी राज्य सभा में पहुंच जाते हैं।

**मीडिया विशेषज्ञ मानते हैं कि भारतीय मतदाता शेयर मार्केट के छोटे निवेशकों की भांति व्यवहार करने लगा है। जिस प्रकार ऊंचे चढ़ते स्क्रिप्ट की तरफ ही अधिकतर निवेशक लपकते हैं उसी प्रकार भारतीय मतदाता भी उसे अपना मत देता है जिसके जीतने की प्रत्यक्ष होती है।**

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा,**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ



**भागचंद जैन मित्रपुरा**

1) प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भूमण्डल के कर्मपथ प्रदर्शक थे

2) सृष्टि को सुव्यवस्थित बनाने का ज्ञान दिया।

3) आज ऐसे सृष्टा- ब्रह्मा का जन्म कल्याणक एवं तप कल्याणक दिवस है

4) इस देश का नाम भारत, आदिनाथ के जेष्ठ पुत्र भरत के नाम पर

5) अपनी सुपुत्रियों के माध्यम से लिपि एवं अंक ज्ञान

वर्तमान में इस जंबूद्वीप के भरत क्षेत्र में अवसर्पिणी काल के स्थान पर हुंडावसर्पिणी काल, जिसमें अघटित घटनाएं घट जाएं, का संचार हो रहा है। आदिनाथ भगवान इस काल के प्रथम तीर्थंकर है जिनका जन्म भरत क्षेत्र में हुआ था। इनको वृषभदेव एवं ऋषभदेव के नाम से भी जाना जाता है।

भगवान ऋषभनाथ का जन्म भारत के पावन शहर अयोध्या की भूमि पर हुआ था। वही अयोध्या भूमि जहाँ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने माता कौशल्या के गर्भ से जन्म लिया था। आदिनाथ का जन्म चैत्र कृष्णा नवमी को उत्तरषाढ़ा नक्षत्र में हुआ था। इनके पिता का नाम राजा नाभिराज था जो अयोध्या के राजा थे एवं माता का नाम मरूदेवी था। जैन धर्म के अनुसार यह तृतीय काल था। आदिनाथ का यशस्वती तथा सुनंदा के साथ विवाह हुआ था। यशस्वती से उन्हें 99 पुत्र (चक्रवर्ती राजा भरत सहित) तथा एक पुत्री ब्राह्मी हुए थे। सुनंदा से उन्हें एक पुत्र बाहुबली तथा एक पुत्री सुंदरी हुए थे। स्वयं के मुनि बन जाने के बाद उन्होंने अपने पुत्र भरत को अयोध्या का राजा घोषित कर दिया था और बाकि पुत्रों में भारत के अन्य राज्य बाँट दिए थे। चक्रवर्ती भरत के नाम पर ही इस देश का नाम भारत पड़ा था।

भगवान आदिनाथ के कई अन्य नाम ऋषभदेव /ऋषभनाथ, वृषभनाथ, नाभिया, आदिपुरुष, आदिब्रह्मा, प्रजापति कहा गया। इस युग के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ ही थे किंतु पिछले युग के अंतिम तीर्थंकर भगवान सम्प्रत्ति थे। भगवान सम्प्रत्ति उस युग के अंतिम (चौबीसवें) तीर्थंकर थे। भगवान आदिनाथ का वर्ण- क्षत्रिय (इश्वाकू वंश) था। उनकी देहवर्ण- स्वर्ण रंग (नारंगी-पीला) थी। लंबाई/ ऊंचाई- 500 तीर के बराबर/ 4920 फीट/ 1500 मीटर थी। उनकी आयु- 84 लाख वर्ष पूर्व थी।

**भोगभूमि से कर्मभूमि में परिवर्तन**

आदिनाथ को इस युग के निर्माता के रूप में जाना जाता हैं। इनसे पहले मनुष्य कोई काम नही करते थे अर्थात पढ़ना-लिखना, खेती, व्यापार इत्यादि किसी भी चीज़ का प्रावधान नही था। उस समय मनुष्य की सभी आवश्यकताएं कल्पवृक्ष से पूरी हो जाया करती थी। लेकिन धीरे-धीरे कल्पवृक्ष की शक्तियां कम होती गयी थी। कल्पवृक्षों के बाद बिना बोयी हुई धान्य पैदा होती थी। उस समय वर्षा होने से खेतों में अपने आप तरह-तरह के धान्य के अंकुर उत्पन्न होकर समय पर योग्य फल देने वाले हो गए थे। उससे सामान्य जन का जीवन सही चल रहा था। कालांतर में धान्य, औषधि सहित सारी पैदावार नष्ट हो गई थी। भोगभूमि की रचना मिट चुकी थी और कर्मभूमि की रचना प्रारंभ हो रही थी। मनुष्य भूख प्यास से दुखी होने लगे। लोगों को कोई उपाय नहीं सूझने पर राजा नाभिराज की आज्ञानुसार भगवान आदिनाथ के पास जाकर अपनी व्यथा बताई।

इसके बाद भगवान आदिनाथ ने पूर्व-पश्चिम विदेहों की तरह ग्राम, शहर आदि का विभाग कर मनुष्य को आवश्यक ज्ञान दिया।

आत्म निर्भरता /स्वावलंबन का ज्ञान

उन्होंने मनुष्य को जीवन जीने के लिए छह काम सिखाये। कहने का तात्पर्य यह हुआ कि भगवान आदिनाथ ने ही लोगों को सुनियोजित तरीके से भवन निर्माण करना, नगर बसाना, खेती करके अन्न उगाना और उससे भोजन बनाना, शिक्षा प्राप्त करना और उससे समाज में नियमों की स्थापना करना, व्यापार करके उन्नति करना और पैसे कमाना, अपनी या अपने परिवार या देश की रक्षा करना तथा इन सभी को लिपिबद्ध करना इत्यादि सिखाया।

भगवान आदिनाथ ने अपनी सुपुत्रियों ब्राह्मी को लिपि विद्या एवं सुंदरी को अंक विद्या का ज्ञान कराकर, इन विद्याओं को प्रसारित करवाया।

**सुशासन का निर्वहन**

सृष्टि की सुव्यवस्था की, लोग उन्हें सृष्टि ब्रह्मा एवं उस युग को कृतयुग नाम से पुकारने लगे। इस तरह से मनुष्य को मूलभूत चीज़ों को सिखाने का श्रेय भगवान आदिनाथ को जाता है। उन्होंने प्रथम बार अपनी नगरी अयोध्या में



शासन-व्यवस्था, नियम-सिद्धांत, अधिकार-कर्तव्य इत्यादि की स्थापना की थी। इसके बाद सब कुछ नियमों के अनुसार चलने लगा था तथा धर्म की स्थापना हुई थी। भगवान आदिनाथ का प्रजा के ऊपर पूर्ण व्यक्तित्व प्रगट हो गया, तब इन्द्र ने सभी देवों के साथ आकर महाराज नाभिराज की सम्मति से उनका राज्याभिषेक किया। चारों ओर हर्ष की लहर दौड़ गई। अपने प्रथम उद्बोदन में प्रभावक शब्दो में धर्म, अर्थ आदि पुरुषार्थ का स्पष्ट विवेचन किया। अपनी विनयशीलता दर्शाते हुए सृष्टि का भार वहन करने के क्रम में राज्य करना स्वीकार किया। प्रजा को सुव्यवस्थित बनाने के लिए कार्य विभाजन कर योग्यता के अनुसार कार्य बाहर सौंप दिया। इस व्यवस्था से लोग सुखमय जीवन व्यतीत करने लगे थे। उन्होंने द्रव्य क्षेत्र, काल और भाव का ध्यान रखते हुए दंड विधान का भी प्रावधान किया। उन्होंने तिरेसठ लाख पूर्व तक राज किया। एक बार देवता व स्वर्ग के राजा इंद्र देव आदिनाथ की सभा में आये हुए थे। तब वे दोनों नृतकियों का नृत्य देख रहे थे। उसी समय नीलांजना नामक एक नृतकी की आयु पूरी हो गयी और उसकी मृत्यु हो गयी। यह देखकर भगवान आदिनाथ को मृत्यु के दुखद सत्य का ज्ञान हुआ। उन्होंने उसी समय सांसारिक मोह-माया, राजपाट इत्यादि त्याग कर सन्यासी बन जाने का निर्णय लिया। इसी बीच उन्होंने अपना राज्य अपने पुत्र भरत को राजगद्दी देकर बाहुबली को युवराज बना दिया था। देवता गण भगवान की पालकी अयोध्या के समीपवर्ती सिद्धार्थ नामक वन में ले गए। वहां चंद्रकांत मणि शिला पर विराजित होकर वस्त्रों का त्याग कर दिया और दिगंबर अवस्था में आ गए एवं पंच मुष्टियों से केशलोच कर लिया। अब ऋषभनाथ समस्त परिग्रहों का त्याग कर चैत्र कृष्णा नवमी के दिन जिन दीक्षा ग्रहण की।

ऋषभदेव जी के त्याग को देखते हुए उनके साथ कई राजा व प्रजा के लोग भी आये थे जिन्होंने सन्यास ले लिया था। वन में भगवान आदिनाथ छः माह का अनशन धारण किए हुए एक आसान पर बैठे हुए थे। साथी राजा एवं प्रजा के लोग जो मुनि बन गए थे, भूख प्यास से व्याकुल होकर मुनिमार्ग से भ्रष्ट होकर जंगलों में चले गए थे।

**तप मार्ग से ही आत्म कल्याण**

ध्यान करते करते जब छः माह व्यतीत हो गए तो ऋषभदेव ने ध्यान मुद्रा समाप्त कर आहार लेने का विचार किया और गांवों से विहार करना शुरू किया। चूँकि वह प्रथम तीर्थंकर थे, इसलिए लोगों को यह नही पता था कि उन्हें आहार में क्या दे एवं किस विधि से दे, इसलिए वे उन्हें आभूषण, हीरे-मोती इत्यादि बहुमूल्य वस्तुएं दिया करते थे, ना कि भोजन। इससे उनके साथ के लोगों में व्याकुलता होने लगी और वे भूख-प्यास से बेहाल होने लगे। तब उनमे से कईयों ने जैन धर्म में से कई अन्य मतों/ संप्रदायों की शुरुआत की थी।

इसी तरह भगवान आदिनाथ को बिना भोजन रहते हुए 12 माह से ऊपर हो गए थे। एक दिन वे भ्रमण करते हुए हस्तिनापुर पहुंचे जहाँ राजा श्रेयांश ने जाति स्मरण होने पर आहार विधि का भान हुआ और भगवान ऋषभ नाथ का नवधा भक्ति पूर्वक पड़गाहन किया और भगवान के पाणीपात्र में इक्षुरस की धाराएं अर्पित की। उन्होंने लगभग 1 वर्ष बाद कुछ ग्रहण किया था, इसलिए इस दिन का महत्व बढ़ गया। यह दिन वैशाख शुक्ल तृतीया था। जिसे आज अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं।

**केवलज्ञान प्राप्ति एवं दिव्य देशना**

भगवान आदिनाथ ने लगभग एक हज़ार वर्षों तक कठोर तपस्या की। पुरीमताल के पास शकट नामक वन में वटवृक्ष के नीचे पद्मासन लगाकर बैठ गए। उन्होंने चार घातियां कर्मो का नाश कर फाल्गुन कृष्ण एकादशी को ध्यानावस्था में कैवल्य ज्ञान प्राप्त किया। यहाँ पर कैवल्य ज्ञान से अर्थ भूत, वर्तमान व भविष्य का संपूर्ण ज्ञान प्राप्ति से है।

इसके बाद इंद्र देव व बाकि देवताओं ने मिलकर भगवान आदिनाथ के उपदेश देने के लिए समवशरण की स्थापना की थी। इसमें वे देवताओं, मनुष्यों, मुनियों, तिर्यंचो इत्यादि को धर्म का उपदेश दिया करते थे। भगवान आदिनाथ के 84 गणधर, 84 हज़ार मुनि (साधू या जैन भिक्षु, पुरुष) तथा 3.5 लाख के आसपास साध्वियां (जैन भिक्षु, महिला) थी। भगवान के मुख से दिव्यवाणी प्रकट हुई जो ओंकार रूप में थी। उन्होंने अतिशयपूर्ण दिव्य ध्वनि मे धर्म-अधर्म का स्वरूप समझा कर सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र, जीव, अजीव, आस्त्रव, बंध, संवर, निर्जरा और मोक्ष इन सात तत्वों का; जीव, पुद्गल, धर्म-अधर्म, आकाश और काल इन छः द्रव्यों का, पुण्य पाप का लोक - अलोक का स्वरूप बतलाया था। जब तक प्राणियों की दृष्टि भौतिक पदार्थों में उलझी रहेगी, तब तक उसे आत्मीय आनंद का अनुभव नहीं सकता। उसे प्राप्त करने के लिए मोह छोड़कर कठिन तपस्याएं, इंद्रियों पर विजय, आत्म ज्ञान में अचल होने की आवश्यकता है। 'अप्पा सो परमप्पा' उन्होंने आत्मा को परमात्मा बताया। सभी तीर्थंकरों ने इस दर्शन को आधार बनाकर स्व - पर का कल्याण पथ दिखलाया। यह दर्शन जैन धर्म को और धर्मों से अलग करता हैं।

**मोक्षमार्ग की ओर प्रशस्त**

केवल ज्ञान प्राप्ति के पश्चात आदिनाथ तीर्थंकर के रूप में 99 हज़ार वर्ष तक पृथ्वी पर रहे और धर्म का प्रचार-प्रसार किया। जब उनकी मृत्यु के 14 दिन शेष रह गए थे तब वे अष्टापद पर्वत (कैलाश पर्वत) चले गए थे। अंत में उन्होंने माघ मास की कृष्ण चतुर्दशी के दिन निर्माण/ मोक्ष को प्राप्त कर संसार के आवागमन से मुक्त हो गए। इस दिन को जैन धर्म में भगवान आदिनाथ के निर्वाणोत्सव या मोक्ष प्राप्ति के रूप में मनाया जाता है।

उनके साथ ही उनके कई भक्तों/ मुनियों ने समाधि ले ली थी तथा मोक्ष को प्राप्त किया था। इसके पश्चात स्वयं इंद्र देव सभी देवताओं के साथ कैलाश पर्वत आये थे और भगवान आदिनाथ के शरीर (नख और बाल) का अंतिम संस्कार किया था। उसके कुछ वर्षों में तृतीय काल का अंत हो गया था तथा जैन धर्म का चतुर्थ काल शुरू हुआ।

इनके दूसरे पुत्र बाहुबली ने अपने जेष्ठ भ्राता भरत के साथ जल युद्ध, चक्षु युद्ध एवं मल्ल युद्ध में विजयी होने पर भी राजपाट को छोड़कर मोक्ष मार्ग अपनाया एवं निशस्त्रीकरण और त्याग का संदेश दिया।

हिंदू धर्म के कई ग्रंथों में ऋषभदेव या आदिनाथ जी के नाम का महापुराण आदि में वर्णन मिलता है। सर्वप्रसिद्ध भागवतपुराण में भी लिखा गया है कि जैन धर्म के संस्थापक ऋषभ देव जी थे। उन्हें एक महान ऋषि व तपस्वी की संज्ञा दी गयी है। सातवी शताब्दी में आचार्य मानतुंग जी द्वारा संस्कृत में रचित महाग्रंथ भक्तामर स्तोत्र में आदिनाथ भगवान के गुणों की स्तुति की है। इसमें वर्णित सभी 48 काव्यों का पाठ करने से मानव जीवन में आने वाले सभी कष्ट दूर होते है। आज जन्म कल्याणक के अवसर पर प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ की स्तुति करे।

**संकलन-भागचंद जैन मित्रपुरा,**
**अध्यक्ष अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर।**

# आदिनाथ भगवान के जयकारों से गूंजे जिनालय

**डूंगरपुर,** (निसं)। अखिल भारतीय जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक युवक महासंघ के तत्वावधान में मंगलवार को आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याण व दीक्षा कल्याण के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन माणक चौक स्थित आदिनाथ जैन मंदिर में श्रद्धाभाव के साथ सम्पन्न हुआ। वहीं दूसरी और नवाडेरा स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, उदयविलास स्थित केसरीयाजी मंदिर में विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये गये।

- **आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याण व दीक्षा कल्याण के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन**
- **जिलेभर में आदिनाथ जयंती पर आदिनाथ भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की गई**



**भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक निमित्त माणक चौक स्थित जिनालय में भगवान का अभिषेक किया।**

इस अवसर पर सुबह 6.30 बजे माणक चौक स्थित आदिनाथ जिनालय में भक्ताम्बर पाठ का आयोजन हुआ। समय प्रवेश पर प्रभावना 5 जनों को स्व. नर्वदा बेन गोवर्धनलाल परिवार की ओर से प्रभावना वितरित की गई तथा जिनालय में भगवान का दुग्ध प्रक्षालन, केसर पूजा, फूल पूजा व स्नात्र पूजा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। रात्रि में मंदिर स्थल पर भक्ति संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान के जन्म कल्याण व दीक्षा कल्याण संबंधित भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर सभी हर्ष विभोर कर दिया। जिलेभर में आदिनाथ जयंती पर आदिनाथ भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की गई। तथा भगवान की प्रतिमा का आकर्षक आंगी सजाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज जन महिला पुरूष उपस्थित थे। इस दौरान सामान्य चिकित्सालय में भर्ती रोगियों को युवक महासंघ द्वारा फल वितरण किये गये। साथ ही इस अवसर स्नात्र पूजा का आयोजन हुआ तथा शाम को भक्ति संध्या एवं आरती का आयोजन हआ। इधर उदयविलास स्थित केशरीयाजी मंदिर में भी पंचामृत अभिषेक सहित विविध धार्मिक अनुष्ठान हुए तथा सायं को आरती का आयोजन हुआ। इस दौरान युवक महासंघ के अध्यक्ष आलोक शाह, विशा हुम्मड संघ के अध्यक्ष पूरणमल दावडा, वीशा पोरवाड संघ के अध्यक्ष गजेन्द्र जैन, पूर्व अध्यक्ष हेमेन्द्र मेहता, जैन नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष सुबोध सरैया, शरद सरैया, अशोक दोशी, महेश दोशी, प्रदीप सरैया, पवन दोशी सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंदिर को भी आकर्षक रूप से सजाया गया था तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जिनालय पहुंच कर देवदर्शन किये।

## आरटीई के लिए ऑनलाइन पोर्टल आज से खुलेगा

**बीकानेर,** (निसं)। प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार के तहत शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। आवेदन के लिए ऑनलाइन पोर्टल 3 अप्रेल से खुल जाएगा और 21 अप्रेल तक खुला रहेगा। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने विस्तृत निर्देश भी जारी कर दिए।

- **आवेदन के लिए ऑनलाइन पोर्टल 21 अप्रेल तक खुला रहेगा**

निदेशक सीताराम जाट के अनुसार निजी स्कूलों को कैचमंट एरिया में रहने वाले कमजोर वर्ग एवं असुविधाग्रस्त समूहों के बच्चों को प्री प्राइमरी और कक्षा प्रथम में निःशुल्क प्रवेश देना होगा। प्री प्राइमरी के लिए प्रवेश के समय बच्चे की आयु 3 वर्ष या इससे अधिक और 4 वर्ष से कम होनी चाहिए। जबकि कक्षा प्रथम में प्रवेश के लिए 5 वर्ष या इससे अधिक परन्तु 7 वर्ष से कम होनी चाहिए। अभिभावक 3 अप्रेल से 21 अप्रेल तक आवेदन कर सकते हैं। राज्य स्तर पर 23 अप्रेल तक आवेदनों का लॉटरी के माध्यम से वरीयता क्रम निर्धारित किया जाएगा। इसके बाद चयनित विद्यार्थी के अभिभावकों को 30 अप्रेल तक ऑनलाइन रिपोर्टिंग करनी होगी।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

### बुधवार 3 अप्रेल, 2024

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2080, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 9:48 तक, शिव योग सांय 4:09 तक, तैतिल करण प्रातः 7:19 तक, चन्द्रमा आज मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-कुम्भ, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज कुमार योग रात्रि 9:48 से सूर्योदय तक है। आज बुध अस्त पश्चिम दिन 2:16 पर होगा। आज भगवान आदिनाथ जयन्ती और तप कल्याणक दिवस (जैन) है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:25 तक, शुभ 10:58 से 12:30 तक, चर 3:26 से 5:09 तक, लाभ 5:09 सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:19, सूर्यास्त 6:41

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**मिथुन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**कर्क**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**तुला**
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक मामलों में उचित सफलता मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**धनु**
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों की वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक परेशानियों से राहत मिलेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

सार-समाचार

## चेम्बर्स पदाधिकारियों का सम्मान



डूंगरपुर, (निसं)। भाविप की तिलक शाखा ने नव निर्वाचित चेम्बरबके अध्यक्ष के के गुप्ता, महामंत्री प्रभुलाल पटेल और सुबोध जैन का शाखा अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल के नेतृत्व मे पुष्प माला, साफा शाल व उर्पणा ओढाकर सम्मान किया। शाखा के चिराग व्यास ने बताया कि इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल ने गुप्ता के आठवी बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने पर, आठवी बार मनोनीत होने वाले महामंत्री प्रभुलाल पटेल और महामंत्री सुबोध जैन को शाखा सदस्यों की तरफ बधाई दी और खुशी जाहिर किये। शाखा उपाध्यक्ष धनेश्वर पण्ड्या ने गुप्ता के किये गए कार्यो और सहयोग पर चर्चा कर बधाई प्रस्तुत की। शाखा संरक्षक सुरेश सोनी ने इस अवसर पर गुप्ता के किये कार्यो पर एक सुमधुर गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सचिव चिराग, संरक्षक हीरालाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश,संरक्षक रमेश वरयानी, मार्ग दर्शक मदनसिंह, सुरेश सोनी,भरत खत्री, कोषाध्यक्ष शिवराम मोची, डायालाल मोची, उपाध्यक्ष धनेश्वर पण्ड्या, उपाध्यक्ष निमेष चौबीसा, प्रकल्प प्राभारी प्रवीण एस श्रीमाल, दीपक श्रीमाल, चंद्रेश सुथार, सह कोषाध्यक्ष कमलेश शाह, अजय शर्मा, विजय जोशी, नीलेश पंचाल, पद्म जैन, सुभाष रोत, केतन शाह, पंकज जैन, अमित टेलर उपस्थित हुए।

## बाड़े में लगी आग, जिंदा जली भैंस

कानोड़, (निसं)। निकटवर्ती गांव करसों का खेड़ा रेलवे लाइन के पास स्थित लक्ष्मण सिंह पुत्र अमर सिंह राजपूत के बाड़े में अचानक लगी भीषण आग में एक भैंस जिंदा जल गई वहीं दूसरी गंभीर घायल हुई। बाड़े में आग की लपटे उठती देख ग्रामीण दौड़े और ट्यूबवेल पंप सेट चला कर आग बुझाने का प्रयास किया। 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया तब तक बाड़े में बंधी एक भैंस की आग में जलकर मौत हो गई तो वहीं दूसरी भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई जिसका उपचार किया गया। गनीमत रही कि बाड़े में बंधे अन्य पशुओं को भी ग्रामीणों ने रस्सी काटकर बाहर निकाला वरना सभी जिंदा जल जाते। घटना दिन में करीब 3:30 बजे की है जब रेलवे ट्रैक के पास ट्रेन गुजरने के कुछ देर बाद ट्रैक के पास से आग लगती हुई बाड़े में पहुंच गई और आग में भीषण रूप ले लिया ग्रामीण कुछ कर पाते तब तक सब कुछ जलकर खाक हो चुका था ग्रामीणों ने दमकल वाहन के लिए भी फोन किया लेकिन दमकल वाहन नहीं मिल। आग से पीड़ित परिवार को करीब 50 हजार से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना पाते ही स्थानीय थाना अधिकारी मुकेश चंद्र खटीक भी मौके पर पहुंचे और हालात की जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है। मावली बड़ी सादड़ी रेल निकलने के बाद आग की घटना हुई जिससे ग्रामीणों ने किसी यात्री द्वारा बीड़ी सिगरेट फेंक देने से आग लगने की आशंका जताई है।बाड़े में आग लगने के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण बब्बु सिंह, कंपाउंडर बंसीलाल सालवी सहित ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के लिए कानोड़ नगर पालिका में दमकल वाहन के लिए फोन किया लेकिन कानोड़ का दमकल वाहन खराब होने की वजह से सुविधा नहीं मिल पाई इसके बाद भींडर पालिका का दमकल वाहन खेरोदा के पास लगी आग बुझाने गया हुआ बताया जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## नाबालिग ने फंदा लगा की आत्महत्या

डूंगरपुर, (निसं)। दोवडा थाना क्षेत्र के पांतली गांव में नाबालिग ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। घर के आंगन में सो रहे माता.पिता ने उठकर रस्सी काटी और डूंगरपुर अस्पताल लेकर आए। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। दोवडा थाना पुलिस के अनुसार बाबूलाल परमार निवासी पांतली ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया कि उसके 3 बेटे और 1 छोटी बेटी है। प्रकाश दूसरे नंबर का बेटा था। सोमवार रात के समय वह और उसकी पत्नी घर के आंगन में सो रहे थे। बेटा प्रकाश घर के अंदर सोया था। कमरे से आवाज आने पर जाली से झांककर देखा तो प्रकाश दीवार पर लगी खूंटी से चुनरी का फंदा लगाकर लटका हुआ था। जिस पर दरवाजा खोलकर उसे फँदे से नीचे उतारा। हल्ला होने पर आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। प्रकाश को डूंगरपुर अस्पताल लेकर आए। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। घटना की सूचना पर दोवडा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पिता ने बताया कि उसका बेटा प्रकाश 11वीं कक्षा तक पढा लिखा है। एक साल पहले पढाई छोडने के बाद वह गुजरात में मजदूरी करने चला गया था। 2 महीने से वह घर पर ही था और वापस नहीं गया था।

## महर्षि गौतम जंयती पर होंगे आयोजन

मंडफिया, (निसं)। कस्बे में आगामी 9 अप्रैल को महर्षि गौतम जयंती पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज के आराध्य न्याय शास्त्र के प्रणेता अक्षपाद भगवान महर्षि गौतम जयंती को मंडफिया कस्बे में समाज के द्वारा विविध आयोजन कर गौतम जंयती मनाई जाएगी। जयंती मनाने को लेकर कस्बे में स्थित होटल वृन्दावन पैलेस में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न निर्णय लिए गए। 09 अप्रैल को महर्षि गौतम जंयती के पर्व पर दोपहर दो बजे होटल वृन्दावन पैलेस में हवन यज्ञ किया जाएगा। तत्पश्चात नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा कबूतरखाना चौराहा से प्रारंभ होकर ब्रह्मपुरी मोहल्ला, जैन मोहल्ला, सदर बाजार, नंद निकेतन धर्मशाला, कबूतरखाना चौराहा होते हुए होटल वृन्दावन पैलेस में पहुंच कर सम्पन्न होगी। शोभायात्रा के समापन पर महाआरती कर महाप्रसादी आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बालमुकुंद तिवारी, अंकित तिवारी, दीपक तिवारी, पवन तिवारी, अमन तिवारी, सहित गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाजजन मौजूद थे।

## जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन

राजसमंद, ०(निसं)। करप्शन कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेशाध्यक्ष दिनेश माली ने मंगलवार को जिला कलेक्टर डॉ भंरवलाल को ज्ञापन सौंपा और नाथद्वारा नगर के गणगौर घाट क्षेत्र में बनास नदी में हो रहे अतिक्रमण हटवाने की मांग की। जिला कलेक्टर ने शिकायत पर तत्काल प्रसंज्ञान लेते हुए नाथद्वारा उपखंड अधिकारी को इस मामले में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दिनेश माली ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय ने अब्दुल रहमान प्रकरण में नदी नालो की स्थिति 1947 के पूर्व की बहाल करने का आदेश पारित किया था। लेकिन नाथद्वारा के गणगौर घाट क्षेत्र में अतिक्रमियों ने बनास नदी में भराव डालकर अपनी जमीन में शामिल कर दिया। जिसे न सिर्फ नदी का बहाव क्षेत्र बाधित हुआ है बल्कि की चौडाई भी काफी कम हो गई है। ऐसे में बनास नदी से अतिक्रमण हटाते हुए नदी के पूर्व सीमांकन को फिर से लागू किया जाए। जिस पर कलेक्टर ने नाथद्वारा उपखंड अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

## पर्यवेक्षक ओवैस अहमद उदयपुर पहुंचे

उदयपुर,(कासं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक ओवैस अहमद उदयपुर पहुंच चुके हैं जो सर्किट हाउस उदयपुर में प्रवासरत हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अहमद को उदयपुर लोकसभा क्षेत्र से संबंधित विधानसभा गोगुन्दा, झाडोल, खेरवाड़ा, उदयपुर ग्रामीण, उदयपुर शहर, सलूंबर (उदयपुर), धरियावाद (प्रतापगढ़) व आसपुर (डूंगरपुर) के लिए सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इनके दूरभाष नम्बर 0294-2947461 एवं मोबा ल नम्बर 8949073844 है।

## रेणु श्रीमाली को पी.एच.डी.

उदयपुर, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि ने शिक्षा संकाय में रेणु श्रीमाली को स्नातक स्तर पर भूगोल विषय के प्रायोगिक कार्य हेतु वांछित कौशलों का अध्ययन एवं संवर्धन हेतु व्यूह रचनाओं का निर्माण विषय पर शोध कार्य करने पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की। डॉ. रेणु श्रीमाली ने अपना शोध कार्य प्रो. शशि चितौड़ा के निर्देशन में किया।

# स्वीप गतिविधियां हर मतदाता तक पहुंचे : जिला कलक्टर

राजसमंद, ०(निसं)। लोकसभा चुनाव को लेकर राजसमंद जिला निर्वाचन अधिकारी एवं आरओ डॉ भंवरलाल ने लोकसभा क्षेत्र के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों के एईआरओ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस कर स्वीप गतिविधियों, कानून व्यवस्था, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पोस्टल बैलट और होम वोटिंग की समीक्षा की।

जिला कलेक्ट्रेट के डीओआईटीसी वीसी कक्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश बुनकर, एडिशनल एसपी महेंद्र पारीक, नाथद्वारा मंदिर मण्डल सीईओ महिपाल कुमार, उपखंड अधिकारी अर्चना बुगालिया

■ 'स्वीप अभियान में तेजी लाएं, हर मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित करें'





लोकसभा क्षेत्र के अधिकारियों की वीसी लेते जिला कलक्टर डॉ भंवरलाल।

सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिला कलक्टर ने स्वीप गतिविधियां बढाने, स्वीप के तहत नवाचार करने, हर वर्ग को जोडने, एसएचजी और अन्य संस्थाओं का सहयोग लेने को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने जिले के कुछ क्षेत्रों में श्रमिकों और प्रवासियों द्वारा कम मतदान होने को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाने, औद्योगिक संस्थाओं से बात करने तथा प्रवासियों से संवाद कर मतदान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियां हर मतदाता तक पहुंचे और सभी उपखंड अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढे। उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों से उनके क्षेत्र के गत चुनावों के मतदान प्रतिशत और प्रमुख समस्याओं को लेकर चर्चा की। कलक्टर ने सोशल मीडिया पर क्विज अपलोड करने, आकर्षक जागरूकता सामग्री को अपलोड करने और सोशल मीडिया के माध्यम से भी आमजन को मतदान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पोस्टल बैलट को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान पोस्टल बैलट प्रभारी आरएएस महिपाल कुमार ने जिले की स्थिति सभी के समक्ष रखी। कलक्टर ने मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन, मतदान केंद्रों पर पेयजल, छाया, बैठक, व्हीलचेयर आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। सभी उपखंड अधिकारियों को पोलिंग पार्टियों के रुकने के लिए समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। एडीएम ने शेडो एरिया, क्रिटिकल मतदान केंद्र, एमसीसी कंट्रोल रूम आदि को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राउंड लेवल स्थितियों एवं तैयारियों को लेकर फीडबैक लिया।

## मतदान जागरूकता का दिया संदेश

बांसवाड़ा, (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के निर्देशन में पूर्व निर्धारित स्वीप प्लान अनुसार जिले के मंदारेश्वर, कॉलेज ग्राउंड और कुपडा क्षेत्र में स्थित घुमंतू जनजाति आवासित क्षेत्र के लोगो को अनिवार्य एवं निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलवाई गई। स्वीप प्रकोष्ठ के प्रितेश अधिकारी ने बताया कि मतदाता पहचान पत्र के अभाव में आधार कार्ड, पेन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड एवं अन्य सभी वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजो का उपयोग कर भी मतदान करने एवं सी-विजिल, सक्षम, वीएचए आदि एप्लीकेशंस की जानकारी दी गयी। साथ ही मतदाता को प्राप्त होने वाली सुविधाओं में बुजुर्ग व दिव्यांगजन को प्राथमिकता से मतदान, दिव्यांगजन को रेम्प, व्हीलचेयर, परिवहन की सुविधा की जानकारी दी गयी। जिले में निवासरत ट्रांसजेंडर समूह को भी मतदान के लिये संकल्पकृत किया और वीएचए एप के माध्यम से स्वयं और परिवार का विवरण प्राप्त करने की प्रक्रिया बताकर एप का महत्व और उपयोग करने के लिये प्रेरित किया।

# शिव कथा के छठे दिन गरबों पर झूमे श्रद्धालु

डूंगरपुर, (निसं)। देवगांव देवसोमनाथ में चल रही शिवकथा के छठे दिन कथावाचक गिरिबापू को सुनने जिले के गांव गांव ढाणी से धर्मावलंबी की पंडाल में पहुंचे। कथा के छठे दिन की शिव कथा में मुख्य यजमान प्रकाश रावल के साथ ही यजमान लीलाशंकर सेवक एवं जगदीश मीलए भागीरथमल चौधरी बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा पोथी पूजन किया गया।

कथा में पूर्व राज्यसभा सांसद महाराज कुंवर हर्षवर्धन सिंह , पूर्व विधायक गोपीचंद मीणा, गादीपति पारडा ईटीवार नारायण पूरी महाराज, गादीपति फतेहसिंह, कोतवाल शंकरजी पारडा इतवार, गजेंद्र सिंह चौहान, आदि का आतिथ्य प्राप्त हुआ। 'कथा के दौरानगिरी बापू ने आज बताया कि हमे समाज सेवा के कार्य मे हमेशा अग्रणी रहना चाहिए यथा जल की सुरक्षा, वृक्षारोपण एवं उनकी सुरक्षा, व्यसन मुक्ति, धार्मिक आयोजन में सहयोग करना चाहिए और हमे आरोप प्रत्यारोप से प्रभावित हुए बिना निरन्तर समाज मे जागृति हेतु प्रयास करते रहना चाहिए। मानव जीवन मे हमेशा आहार का बडा महत्व है पहला सुख आरोग्य रहना है इसलिए संतुलित एवं संयमित आहार करना चाइए। बापू ने कथा के दौरान मां भवानी के उद्भव का वृतांत सुनाया और कहा की। जिस मां पिता को पुत्री प्रदान की है वह दुनिया का सबसे बडा भगवान व्यक्ति है। उन्होंने कहा की, जिस पिता के घर मे बेटी है वह पिता सौभाग्यशाली है बेटी आज के युग की श्रवण कुमार है बेटी घर की लक्ष्मी है,हमारे आँगन की शोभा है।

बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए बापू ने कहा की बेटियों को खूब पढाई करवाए और उन्हें आगे बढाएं आज बेटियां हर क्षेत्र में लडको से आगे है। उन्होंने समाजिक संदेश देते हुए कहा की शादी ब्याह पर फि जूल खर्च बंद कर लडकी की शादी में इसके नाम से जमा पूजी को पुत्री को आशीर्वाद स्वरूप प्रदान करें। कथावाचक बापू ने आगामी 16 दिसंबर 2०24 को आने वाले आद्रा नक्षत्र की महत्ता बतलाते एक सौ महाशिवरात्रि के समान बतलाया। उन्होंने कहा कीए व्यक्ति को कर्म अच्छे करने चाहिए इसके बाद पूजा करनी चाहिए बीना अच्छे कर्मो के पूजा व्यर्थ है। उन्होंने कहा किए यदि कोई हमारी निंदा करता है फिर भी हमे उसकी निंदा नही करनी है क्यो की हम जैसा बर्ताव करते है ऐसा ही व्यवहार हमारे साथ फलित होता है। बापू के मुखरविन्द से कथा श्रवण के दौरान धर्मावलंबियो को उन्होंने माता सती द्वारा महादेव को पाने का हाथ वृतांत बतलाया और कहा कीए अच्छा शिव भक्त वही है जिसमे शिव जैसे गुण विद्यमान हो। उन्होंने कथा में उपस्थित धर्मप्रेमियो से कहा की माता पिता अपने बालको को शिवभक्ति का दान करे। उन्होंने कहा की जितना बालक आज स्मार्टफोन में अपना समय व्यतीत कर रहा है माता पिता और परिजनों को उसे उतना ही समय एक रुद्राक्ष की माला से पंचाक्षर मंत्र का जाप करने के लिए देना चाहिए। कथा के दौरान वागड एवं मेवाड से शिव भक्त एवं सनातन धर्म प्रेमी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# धरने पर बैठे कर्मचारियों से मिले विधायक ताराचंद जैन

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने मंगलवार को मोहनलाल सुखाडिया विवि में धरने पर बैठे 327 कर्मचारियों से मुलाकात की और इनकी समस्याओं को सुना। इसके बाद ताराचंद जैन ने इस संबंध में प्रदेश के राज्यपाल कलराज मिश्र से बात कर धरने पर बैठे कर्मियों की समस्याओं से अवगत करवाया । साथ ही उपमुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मत्री प्रेमचंद बैरवा से भी बात की। बैरवा ने शीघ्र ही इनकी समस्या का निस्तारण करने का आश्वसन दिया।

जानकारी के अनुसार मोहनलाल सुखाडिया विवि के सेल्फ फाईनेंस बोर्ड के तहत 327 कर्मचारी विभिन्न विभागों में कार्यरत है। इन सभी को जनवरी से वेतन नहीं मिला और हाल में ही राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर सेल्फ फाईनेंस बोर्ड के सभी 327 कर्मचारियों को हटा दिया। इस आदेश के बाद से ही यह सभी सेल्फ फाईनेंस बोर्ड 327 कर्मचारियों ने काम का बहिष्कार कर दिया और अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सुविवि के प्रशासनिक भवन में धरने पर बैठे है। इनकी समस्याओं को जानने के लिए मंगलवार को शहर विधायक ताराचंद जैन सुविवि के प्रशासनिक भवन गए। इस दौरान सुविवि की उप कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा भी मौजूद रही। धरनार्थियों ने बताया कि उन्हे जनवरी से वेतन नहीं मिला है और एक आदेश जारी कर उन्हें हटा दिया गया और ऐजेन्सी के माध्यम से रखना चाहते है। इस पर शहर विधायक ताराचंद जैन ने उप कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा से चर्चा कर कहा कि सभी को दो माह का वेतन शीघ्र ही दिलाया जाएगा और निस्तारण नहीं होने तक सभी 31 जुलाई तक यथावथ काम करें। धरने पर बैठे कर्मियों से चर्चा करने के बाद शहर विधायक ताराचंद जैन ने राज्यपाल कलराज मिश्र से बात कर धरने पर बैठे कर्मचारियों की वेतन और अन्य समस्याएं बताई, इस पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन से जारी करने की जानकारी दी और अब राज्य सरकार के हाथ में होना बताया।

इस पर शहर विधायक जैन ने उप मुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा से फोन पर बात कर इस बारे में बताया तो बैरवा ने प्रिंसिंपल सैकेट्री से बात कर शीघ्र ही इस समस्या का निस्तारण करवाने का आश्वासन दिया।

## पांच हजार लीटर महुआ वाश नष्ट

बांसवाड़ा, (निसं)। पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त कार्यवाही में आबकारी अधिनियम के तहत 11 प्रकरण दर्ज करते हुए लगभग पांच हजार लीटर महुआ वाश नष्ट किया गया। एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला द्वारा अवैध शराब की धरपकड के आदेश पर एएसपी राजेश भारद्वाज, वृत्ताधिकारी सूर्यवीर सिंह के निर्देशन में सदार थानाधिकारी दिलीप सिंह, कोतवाली थानाधिकारी देवीलाल मीणा, राजतालाब थानाधिकारी दीपक बंजारा एवं आबकारी थाने की संयुक्त टीमों ने विभिन्न स्थानों पर कार्यवाही करते हुए लगभग 5 हजार लीटर महुआ वाश नष्ट किया। कसारवाडी थाना पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के मामले में एक प्रकरण दर्ज करते हुए मोटर साईकिल जब्त की है वहीं फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# ओ.बी.सी. मोर्चा के कार्यकर्ता हर लाभार्थी के घर तक पहुंचे : चंचालाल गेदर

राजसमंद, (निसं)। भाजपा जिला ओबीसी मोर्चा की जिला बैठक ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष जवाहर जाट की अध्यक्षता व मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बाहरठ के मुख्य आतिथ्य में भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई।

इस अवसर पर भाजपा लोकसभा मिडिया संयोजक नर्बदा शंकर पालीवाल ने बताया कि बैठक को सम्बोधित करते प्रदेशाध्यक्ष गेदर ने ओबीसी कार्यकर्ताओ से आव्हान किया कि मोदी सरकार की योजनाओं के लाभार्थी के घर तक कार्यकर्ता पहुंच कर उनका सम्मान कर भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करें। वही भाजपा जिलाध्यक्ष बाहरठ ने आव्हान किया कि अबकी बार 400 पार के नारे को सार्थक बनाने के लिए कार्यकर्ता हर बूथ 400 पार में अपनी महता साबित करें। बैठक की अध्यक्षता करते जिलाध्यक्ष जाट ने प्रदेश नेतृव को विश्वास दिलाया कि मोर्चे के कार्यकर्ता दिन रात एक कर मोदी





भाजपा ओबीसी मोर्चा की जिला बैठक को मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर ने सम्बोधित किया।

सरकार को जनकल्याण कारी योजनाओ को जनता तक पहुंचा कर राजसमन्द सीट को लाखों वोटो से जिताएंगे। इस दौरान प्रदेश महामंत्री महामंत्री पुष्कर तेली, ज्योत्सनासिंह चौहान, खुसकमल कुमावत, हुकमी चंद गाडरी ने भी सम्बोधित किया। संचालन जिला महामंत्री सत्यदेव सिह चारण ने किया। इस दौरान श्यामसुन्दर माली, कालू राम जाट, भंवरलाल कुमावत, गहरीलाल वैष्णव, सीताराम कुमावत, प्रमोद सेन, मांगीलाल गुर्जर, नवलसिंह, संजय प्रजापत, लक्ष्मण प्रजापत, शंकरलाल गाडरी सहित जिला कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे।

सार-समाचार

## इलाजी की बारात निकाली



कपासन, (निसं)। कपासन नगर सहित क्षेत्र में मंगलवार को अष्टमी पर्व पर रंगों की होली खेली गई। परंपरा के अनुसार कस्बे में इलाज जी की बारात निकाली गई। नगर में रंगों की होली पर्व अष्टमी को मनाया जाता हैं। जिसके चलते शीतला माता की पूजा के बाद कस्बे में जम कर होली खेलना शुरू किया। सबसे पहले बच्चो ने टोलियों में निकल कर रंगोत्सव की धूम शुरू की। इसके बाद चौराहों, मोहल्लों, गलियों आदि स्थानों पर डीजे लगा कर जमकर नृत्य करते हुए लोंगो ने एक दूसरे को गुलाल अबीर से सरोबार कर होली खेली। दोपहर बाद दूल्हे बने इलाजी ने बंदोलना खाया और चारभुजा मंदिर से निकासी की गई। बारात ढोल धमाकों के साथ शुरू हुई, जो ईलाजी चोक, पीपली बाजार होती हुई डाणी चबूतरा से पुलिस चौकी के बाहर पहुंची। जहां हाकमों और अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए खुला फागोत्सव गा कर मनोरजन किया गया।बारात इसके बाद नया बाजार होते हुए कचहरी विद्यालय परिसर स्थित भेरुजी बावजी के वहां जाकर दर्शन भी किया गया।इस दौरान सीआई रतन सिंह सहित आदि पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

## पैंथर के हमले में पिता-पुत्र घायल

उदयपुर, (कासं)। जिले के फलासिया थाना क्षेत्र उमरिया गांव में पेंथर ने घर में घुस कर पिता पुत्र को घायल कर भाग गया। जिसे वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने ट्रेंकुलाईज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सवेरे फलासिया थाना क्षेत्र उमरिया गांव निवासी हकरा पुत्र भूराजी सागरीया तथा उसके पुत्र दिनेश पर पेंथर हमला कर फरार हो गया। इसकी सूचना मिलने पर एएसआई इश्वरलाल ने मौके पर पहुंच दोनों पिता पुत्र को घायलावस्था में मादड़ी बाघपुरा चिकित्सालय में भर्ती करवाया। सवेरे गांव में शेर आने की सूचना देने के लिए ठाामीणों के चिल्लाने पर हकरा और दिनेश मकान के बाहर निकले। इसी दौरान सामने से पेंथर को आता देख वापस मकान में घुसे। इसी दौरान पेंथर भी मकान में घुस गया और हमला करते हुए दोनों को घायल करता हुआ दूसरे दरवाजें से पहाड़ियों की तरफ भाग गया। इसको देख ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। फलासिया थाने के एएसआई इश्वरलाल ने मोके पर पहुंच कर उच्चाधिकारियों एवं वन विभाग को सूचना दी। इस पर मादडी वन नाका के फोरेस्टर दीपसिंह मौके पर पहुंचे। जहां उदयपुर से शूटर डीपी शर्मा व वनपाल जितेन्द्रसिंह ने मौके पर पहुंच पैंथर को ट्रेंकुलाईज कर कब्जे में लिया।

## युवक ने की आत्महत्या

उदयपुर, (कासं)। शहर के बडगांव थाना क्षेत्र में स्थित विला में मित्र के यहां आए युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित मनीष शर्मा (34) पुत्र राजराम शर्मा निवासी डेगाना नागौर हॉल जोधपुर ने बडगांव घसियार स्थित माउण्ट सेडा विला में सिढियों की रैलींग पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। मनीष शहर में होटल लीज पर लेने का काम करता था एवं कोरोना से पूर्व होटल लीज पर लेने के कारण व कर्ज में डूब गया था। जिसके चलते मानसिक तनाव में रहता था। पन्द्रह दिन पूर्व वह अपने मित्र बडगांव स्थित माउण्ड सेडा विला के संचालक विशाल के पास आकर रह रहा था एवं काम भी कर रहा था। जहां 1 अप्रेल को उसने विलाल की सिढ़ियों पर फांसी लगा ली। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक को निचे उतार एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवा परिजनों को सूचना दी। मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## उदयपुर जिले में मिले 6 कोरोना रोगी

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर जिले में मंगलवार को कोविड के 58 सैम्पल लेकर जांच की गयी जिसमें 6 कोरोना संक्रमित पाये गये।इन्हें मिलाकर 25 एक्टिव रोगी अभी होम आइसोलेशन में है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि मंगलवार को कोविड के 58 सैम्पल लेकर जांच की गयी जिसमें 52 नेगेटिव एवं 6 पॉजीटिव पाये गये। इसमें चार मरीज शहरी क्षेत्र से है। दो मरीज ग्रामीण क्षेत्र से है। पोजिटिव आये रोगी केशव नगर,यूनिवर्सिटी रोड,भोपाल पुरा,साइफन चोराहा, फतेहपुरा,वरडा बडगांव और भुवाना क्षेत्र से है।पोजिटिव रोगी के घर जाकर परिवार और क्लोज कांटेक्ट की हिस्ट्री ली। रोगीयो को 7 दिनों तक आइसोलेशन में रहने के लिए पाबंद किया गया। उन्होंने बताया कई अब तक कुल 77357 कोरोना पॉजीटिव आए।

## एडीजे ने बालिकाओं को किया जागरूक

उदयपुर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव एडीजे कुलदीप शर्मा ने कस्तूरबा गांधी छात्रावास गोगुंदा की बालिकाओं को कार्य स्थल पर महिलाओं के उत्पीडन को रोकने व वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारो के बारे में जागरूक किया। एडीजे शर्मा ने बताया कि सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन कमेटी होना अनिवार्य है। शर्मा ने पॉक्सो कानून, सीनियर सिटीजन मॉड्यूल, साइबर क्राइम से बचने, नि:शुल्क विधिक सहायता, पॉक्सो से पीड़ित प्रतिकर योजना, बाल विवाह रोको अभियान आदि विषयों पर बालिकाओं को जागरूक किया।

## अवैध गांजे सहित आरोपी दबोचा

उदयपुर, (कासं)। शहर के बडगांव थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र खटीक के सुपरविजन में बडगांव थानाधिकारी पूरणसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए वालु पुत्र लखमा जी निवासी गायरियों का गुड़ा भील बस्ती कदमाल बडगांव को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 2 किलों 130 ठााम अवैध गांजा जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

## स्थाई वारंटी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। ऋषभदेव थाना पुलिस ने चौदह वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गायेल के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में ऋषभदेव थानाधिकरी घनश्यामसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने चौदह वर्ष से फरार स्थाई वारंटी प्रकाश भाई पुनावाला पुत्र लालू उर्फ ललू भाई पुनावाला भण्डारी मईदपुरा ग्लले मंदिर रोड़ रामजी मंदिर की चाल पुलिस थाना मोईदपुरा सूरत को गिरफ्तार किया। आरोपी वर्ष 2010 से फरार था।

## सी.पी. जोशी ने भरा नामांकन

चित्तौडगढ़, (निसं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौडगढ लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी सीपी जोशी ने आज अपना नामांकन भरा। इससे पूर्व ईनाणी सेंटर में विशाल नामांकन रैली का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, वरिष्ठ नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीचंद कृपलानी ,कैबिनेट मंत्री झाबर सिंह खर्रा, हेमंत मीणा, राज्य मंत्री गौतम दक, हीरा लाल नागर, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, विधायक अर्जुनलाल जीनगर, उदयलाल डांगी, डॉ. सुरेश धाकड़, चंद्रभान सिंह आक्या, फूल सिंह मीणा, जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, चंद्रगुप्त सिंह चौहान, गोपाल कुमावत, रवींद्र श्रीमाली, क्लस्टर प्रभारी प्रभु लाल सैनी, संभाग सह प्रभारी मिथिलेश गौतम, प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल,प्रदेश अध्यक्ष कार्यक्रम प्रवास संयोजक श्रवण सिंह राव, लोकसभा सह प्रभारी आनंद गर्ग, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शांतिलाल चपलोत, पूर्व विधायक नरपत सिंह राजवी, अशोक नवलखा, बद्रीलाल जाट, रणधीर सिंह भिंडर, दली चंद डांगी, धर्म नारायण जोशी, ललित ओस्तवाल,सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर ,प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अनिल शिशोदिया, उदयपुर देहात प्रभारी डा आई एम सेठिया,डूंगरपुर प्रभारी कमलेश पुरोहित, राजसमंद सह प्रभारी हर्षवर्धन सिंह रुद, गौरव त्यागी सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जन समूह उपस्थित रहा।

# चित्तौड़गढ़ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सी.पी. जोशी ने नामांकन भरा

## नामांकन रैली में उमड़ा जन सैलाब, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री, विधायक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे

**चित्तौड़गढ़/जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी सीपी जोशी ने मंगलवार को अपना नामांकन भरा। इससे पूर्व ईनाणी सेंटर में विशाल नामांकन रैली का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा इस पांडाल में उमड़ा जन सैलाब प्रदेश

- **सीपी जोशी के प्रति जनता में अत्यधिक प्रेम और स्नेह, प्रचंड बहुमत से लगेगी जीत की हैट्रिक : भजनलाल शर्मा**

अध्यक्ष सीपी जोशी के प्रति आपके प्रेम और स्नेह को दर्शा रहा है। इसी के बल पर चित्तौड़गढ़ में प्रचंड बहुमत से जीत की हैट्रिक लगेगी इसका पूरा भरोसा है।

उन्होंने कहा कि सीपी जोशी जी अपने लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत रहते है। हाल ही में प्रताप सर्किट के लिए 100 करोड़ रूपये स्वीकृत हुए और इसमें चित्तौड़गढ़ को भी शामिल किया, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बैणेश्वर धाम, मां त्रिपुरा सुंदरी, सीतामाता अभ्यारण को जोड़कर पर्यटन सर्किट बनाने का काम हुआ, देवास परियोजना का शिलान्यास हुआ जिसका लाभ कपासन और चित्तौड़ को मिलेगा ज्यादा पानी आने पर उसका पानी बीसलपुर जाएेगा जिससे आधे राजस्थान को लाभ पहुंचेगा। इनके अलावा क्षेत्र को और भी कई विकास कार्यों की सौगात मिली है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि पिछले दस सालों में चित्तौड़गढ़ लोकसभा में अभूतपूर्व विकास के काम हुए है, अगर भाजपा की मोदी सरकार नहीं होती तो यह संभव नहीं हो पाता। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कि एक तरफ वो लोग हैं जिन्होंने सनातन को गाली दी, राम मंदिर का निर्माण होने से रोका। जबकि



चित्तौड़गढ़ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी की नामांकन सभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया।

दूसरी और भाजपा की मोदी सरकार है जिसने भव्य राम मंदिर बनवाया और कश्मीर से धारा 370 भी हटाई, इस देश में अगर किसी ने राजनेताओं को बदलने का काम किया है तो नरेंद्र मोदी ने किया है। देश की जनता को भाजपा की नीति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर अटूट विश्वास है, और यह विश्वास इस लिए देश की मजबूती और विकास के लिए उन्होंने जो कहा वो किया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि नामांकन रैली में उमड़ा जन सैलाब बता रहा है कि यहां पर भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत निश्चित है, भाजपा की सरकार ने मातृ शक्ति की मजबूती के लिए अनेक काम किए है इसलिए मेवाड़ की माताएं बहने एक एक घर से वोट निकालने का काम करेगी। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि रैली में उमडे जन सैलाब को देखकर लगता है कि अबकी बार भाजपा की हवा नहीं बल्कि तूफान है। यहां की जनता सीपी जोशी को रिकॉर्ड मतों से जिताने को तैयार है।

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि यहां पर उमडा जन सैलाब, जोश और उत्साह बता रहा है कि सभी ने सीपी जोशी को एक बार फिर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजना का मन बना लिया है। ईनाणी सिटी सेंटर से सी पी जोशी, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीचंद कृपलानी, चन्द्रभान सिंह आक्या, कमलेश पुरोहित, पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट जीप में सवार होकर भव्य रैली के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट पंहुचने पर कन्याओं द्वारा सी पी जोशी के तिलक लगाकर आरती उतारी गई और राम दरबार के पात्रों के रूप में सजे बालक बालिकाओं ने उनका स्वागत किया।

लोकसभा प्रत्याशी सीपी जोशी ने निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन के चार सेट प्रस्तुत किए। जिनमें प्रस्तावक विधायक श्री चंद कृपलानी, कैबिनेट मंत्री गौतम दक, विधायक चंद्रभान सिंह आक्या और विधायक अर्जुन लाल जीनगर रहे। नामांकन से पूर्व ही पी जोशी ने दुर्ग स्थित कालिका माताजी के दर्शन किए। सभा स्थल पर पूर्व कैबिनेट मंत्री और राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष गिरिजा व्यास के भतीजे विवेक व्यास ने उदयपुर के वरिष्ठ नेता प्रमोद सामर और तुषार मेहता की प्रेरणा से कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विवेक जोशी का मंच पर उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री झाबर सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रभु लाल सैनी, कैबिनेट मंत्री हेमंत मीणा, विधायक डॉ सुरेश धाकड़, जिलाध्यक्ष मिठूलाल जाट, प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष गोपाल कुमावत, उदयपुर देहात जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्त सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष रतनलाल गाडरी, विधायक उदयलाल डांगी, प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, मावली विधायक प्रत्याशी कृष्ण गोपाल पालीवाल, पूर्व प्रधान रघुनाथ गुर्जर, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अनिल सिसोदिया, जिला महामंत्री रघु शर्मा, कैलाश चोखड़ा, मनोहर दक, नरेंद्र पोखरना, रजनीश पितलिया आदि उपस्थित रहे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का हमीरगढ़ हवाई पट्टी पहुंचने पर विधायक डॉ. सुरेश धाकड़, चंद्रभान सिंह आक्या, पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट, पूर्व जिला प्रमुख भैरू सिंह चौहान, जिला महामंत्री देवी सिंह राणावत, उदयपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी सुधीर जैन, भुपाल सागर मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश मेनारिया, बेगूं विधानसभा मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा, कुलदीप चतुर्वेदी सहित जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

### कांग्रेस को कई जगह नहीं मिल रहे हैं प्रत्याशी : भजनलाल शर्मा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज भीलवाड़ा हमीरगढ़ हवाई पट्टी पहुंचे। इस दौरान प्रेस से मुखातिब होते हुए बड़ा बयान दिया उन्होंने कहा कि कांग्रेस को कई जगह प्रदेश में प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं ओर कई जगह प्रत्याशी बदलने पड़ रहे हैं साथ ही कांग्रेस छोटे-छोटे दलों से गठबंधन कर रहा है कांग्रेस एक डूबता जहाज है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज चित्तौड़गढ़ से सांसद, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का नामांकन दाखिल करवाने पहुंचे। जहा सीएम भजनलाल आज हमीरगढ़ हवाई पट्टी पर विशेष विमान से पहुंचे इस दौरान भीलवाड़ा जिले के भाजपा के राजनेताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भव्य स्वागत किया। सीएम भजनलाल शर्मा के स्वागत में भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, माण्डल विधायक उदयलाल भड़ाना, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल सहित भाजपा के पदाधिकारी व राजनेता मौजूद रहे।

# बंधक बनाकर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

## पीड़ित युवती ने दो महिलाओं सहित नौ के खिलाफ मामला दर्ज कराया

**अजमेर,** (कासं)। आदर्श नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली युवकी को बंधक बनाकर गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवती ने दो महिला सहित 9 लोगों के खिलाफ थाने में शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। शिकायत में पीड़ित युवती ने आरोप लगाते हुए कहा कि आरोपियों ने उसके छोटे भाई को जान से मारने की धमकी दी देकर उसका अपहरण किया और एक रिश्तेदार के यहां एक युवक के साथ उसे कमरे में बंद किया था, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने गैंगरेप सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच अजमेर दक्षिण पुलिस उपाधीक्षक ओमप्रकाश सरावग को सौंपी है।

जांच अधिकारी पुलिस उप अधीक्षक ओम प्रकाश ने बताया कि 20 साल की युवती ने थाने पर लिखित शिकायत देते हुए दो महिला सहित 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। शिकायत में पीड़िता ने आरोप लगाया कि कुछ माह पहले वह भीलवाड़ा अपने रिश्तेदार के यहां गई थी, वहां से अपनी बुआ के लड़के को बेटा होने पर गांव चली गई, वहां उसकी बुआ के लड़के का साला भी मौजूद था।

पीड़ित युवती ने आरोप लगाते हुए कहा कि आरोपी ने उससे दोस्ती करने के लिए कहा और जबरदस्ती उसका मोबाइल नंबर ले लिया। वह उसे फोन पर बात करने के लिए धमकी देता था। आरोपी ने उसे धमकी दी कि अगर उसने उससे बात नहीं की तो वह उसके छोटे भाई को उठाकर ले जाएगा और मार देगा, जिसके चलते पीड़िता डर गई और वह उसे बातचीत करने लग गई। कुछ दिनों बाद मार्च माह में एक दिन रात के समय आरोपी ने उसे मोबाइल पर फोन कर घर के बाहर बुलाया था। घर के बाहर खड़ी बोलेरो गाड़ी में आरोपी के साथ उसके अन्य साथी भी मौजूद थे। आरोपी और उसके साथियों ने उसे जबरन गाड़ी में बैठकर अपहरण किया और आरोपी उसे अपने मामा के घर ले गया, जहां उसके अन्य परिवार के लोग भी मौजूद थे।

पीड़ित युवती ने कहा कि आरोपियों ने मिलकर उसे मुख्य आरोपी के साथ कमरे में बंद कर दिया। मुख्य आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और 2 दिन बाद आरोपी पीड़िता को ई-मित्र पर ले गए और जबरदस्ती खाली कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। इसके बाद उसे वापस उसी जगह पर ले जाकर कमरे में बंद कर दिया, जहां आरोपी ने दोबारा से दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि परिवार वाले उसे ढूंढते हुए वहां पहुंचे और आरोपियों से छुड़ाकर अपने साथ घर ले आए। इसके बाद आरोपियों आए दिन फोन कर धमकी देकर परेशान करता रहा, जिससे परेशान होकर पीड़िता ने आदर्श नगर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया।

### अमित शाह का चुनावी दौरा तय

**बीकानेर,** (निसं)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बीकानेर में दिग्गज नेताओं के चुनावी दौरे शुरू होने जा रहे हैं। इसी क्रम में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीकानेर आने का कार्यक्रम सामने आया है।

शाह नौ अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी अर्जुन राम मेघवाल के समर्थन में दौरा करेंगे। लोकसभा संयोजक सत्य प्रकाश आचार्य ने बताया कि शाह के दौरे को देखते हुए तैयारियां की जा रही है। इससे पहले केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 7 अप्रैल को बीकानेर आएंगे। वे यहां लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल के पक्ष में जनसभा करेंगे। भाजपा लोकसभा मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने बताया कि केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 7 अप्रैल को विशेष विमान से सुबह 11 बजे नाल हवाई अड्डे पहुंचेंगे। वे 11:05 पर नाल हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर द्वारा 11:20 पर कोलायत पहुंचेंगे। कोलायत में जनसभा को संबोधित कर 12:45 पर हेलीकॉप्टर द्वारा पिलानी के लिए प्रस्थान करेंगे।

# आग से 40 लाख का सामान जला

## स्पेयर पार्ट्स व सर्विस सेंटर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी

**निवाई,** (निसं)। सोमवार की रात खणदेवत रोड स्थित एक स्पेयर पार्ट्स व सर्विस सेंटर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे करीब 40 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग की सूचना पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए और पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि आग बुझाने के लिए निवाई और चाकसू से दमकल तथा पानी के चार टेंकर मंगवाए। फायरमैन और आसपास के लोगों के सहयोग से करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पाया।

- **सर्विस सेंटर के पास बने मकान में तपन से एसी व फ्रीज सहित कई उपकरण नष्ट हो गए**

पीड़ित सर्विस सेंटर मालिक सीताराम खण्डेलवाल ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से लगी आग से सर्विस सेंटर पर रखे जेसीबी मशीन के सारे पार्ट्स, मारुति कार के सभी पार्ट्स व इंजन ऑयल सहित कई मशीनें जलकर राख हो गई तथा सर्विस के लिए आई एक कार भी आग में जल गई, जिससे करीब 40 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान सर्विस सेंटर के पास बने उनके मकान में आग की तपन से एसी व फ्रीज सहित कई उपकरण नष्ट हो गए।

# पोते की हत्या के बाद बुजुर्ग को लात-घूसों से पीटा, मौत

## दो आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**डूंगरपुर,** (निसं)। बावलवाडा थाना क्षेत्र के गराजा गांव में 70 साल के बुजुर्ग की लात-घूसों से मारपीट कर हत्या कर दी। होली के दिन पोते पर कुल्हाडी से हमले के 8 दिन बाद बुजुर्ग दादा की जमकर पिटाई की। इससे बुजुर्ग की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं हत्या के आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बावलवाडा थानाधिकारी कर्णसिंह ने बताया कि गराजा निवासी कांति सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया कि सोमवार को वह दिनभर अपने घर पर था। रात के समय नए घर से जोर-जोर से चिल्लाने की आवाज सुनी। जिस पर वह दौड़कर भागा। उसी समय छोटा भाई छत्तर सिंह भी आ गया। पत्नी राजू देवी ने बताया कि ससुर लालसिंह खाना खाकर घर पर सोए थे। उसी समय गांव का मगन सिंह पुत्र पुन सिंह, अमर सिंह पुत्र नानसिंह चौहान जोर-जोर से चिल्लाते हुए घर के आंगन में आ गए। मगनसिंह के हाथ में कुल्हाड़ी थी। आते ही ससुर लालसिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। अमरसिंह चिल्लाते हुए जान से मारने के लिए बोल रहा था। चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी शांता देवी पत्नी कुरेसिंह और वीना पत्नी जोरावर सिंह आ गए। यह देखकर हमलावर मौके से भाग गए। हमले में लाल सिंह के हाथ, पैर, सिर पर गंभीर चोटें आई। जिस पर पहले बावलवाडा और फिर डूंगरपुर अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने जांच के बाद लालसिंह को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने कांति सिंह की रिपोर्ट पर मगनसिंह और अमर सिंह के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले में हत्या के आरोपियों की तलाश कर रही है। रिपोर्ट में ये भी बताया कि आरोपी मगन सिंह ने होली के दिन भाई छत्तर सिंह के बेटे रणजीतसिंह पर भी कुल्हाड़ी से हमला किया था। इसके अलावा उनके बीच किसी तरह का कोई झगड़ा नहीं है।

# लोकसभा चुनाव में पहली बार राजस्थान में कांग्रेस नेताओं की एकता नजर आई

- **गहलोत, पायलट, डोटासरा, जूली, रंधावा पहली बार एक मंच पर नजर आए**
- **जोधपुर में कांग्रेस उम्मीदवार करण सिंह उचियारड़ा के नामांकन में बोले नेता : हम सबने मिलकर उम्मीदवार चुना है, अब आप मिलकर जीत दिला दो**

**जोधपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस इस बार पूरा दम लगा रही है, लेकिन अब तक कांग्रेस नेता हर क्षेत्र में अलग-अलग घूम रहे थे, लेकिन जोधपुर में कांग्रेस उम्मीदवार करण सिंह उचियारड़ा के नामांकन के दौरान न सिर्फ राजस्थान की कांग्रेस एक मंच पर एकजुट नजर आई, बल्कि सभी नेताओं ने एक स्वर से कांग्रेस को जिताने की अपील करते हुए एक तरफ से पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया।

जानकारी के अनुसार जोधपुर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का गृह और कर्म क्षेत्र है। ऐसे में वे मंच पर मौजूद थे। वहीं जोधपुर से पार्टी उम्मीदवार सचिन पायलट के साथ प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी में पदाधिकारी रहे हैं और पायलट समर्थक माने जाते हैं। ऐसे में सचिन पायलट मंच पर मौजूद थे। इसी के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित क्षेत्र के तमाम कांग्रेस नेता जिनमे पूर्व विधायक साले मोहम्मद, दिव्या मदेरणा, महेंद्र बिश्नोई, मनीषा पवार भी मंच पर मौजूद थी। इस लोकसभा चुनाव में यह पहला मौका है, जब कांग्रेस ने इस तरह से एकता का परिचय दिया है। दूसरे चरण के लिए जोधपुर में होने वाले मतदान के तहत कांग्रेस के प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा के पक्ष में आयोजित नामांकन सभा में कांग्रेस की एकजुटता नजर आई। सभी नेताओं ने कहा कि हम सबने मिलकर करण सिंह को मैदान में उतारा है। कांग्रेस को एकजुट होकर साथ देना है और चुनाव जीताकर दिल्ली भेजना है।

नामांकन सभा में संबोधन देते हुए सचिन पायलट ने कहा कि मैं करण सिंह उचियारड़ा को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं और आप लोग भी इन्हें जोधपुर की सड़कों पर संघर्ष करते हुए देख रहे हैं। करण सिंह ने मेरे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते पीसीसी पदाधिकारी के रूप में सड़कों पर खूब संघर्ष किया है और यदि इन्हें आप सब लोग मिलकर चुनाव जिताकर दिल्ली भेजते हैं, तो निश्चित मानकर चलिए करण सिंह उचियारड़ा एक बेहतरीन सांसद और जनसेवक साबित होंगे। पायलट ने कहा कि करण सिंह का चयन हम सबने मिलकर किया है। बहुत सोच समझकर उम्मीदवार का चयन किया गया है। यहां कार्यकर्ताओं में जो उर्जा है, इससे लग रहा है कि कांग्रेस जोधपुर में इतिहास रचने जा रही है। आज आचार संहिता के बीच कांग्रेस के खाते सीज कर दिए गए हैं। इस बार हवा बदल रही है, इसलिए सबको पुरानी बातें भूलकर कांग्रेस को चुनाव जिताना है।

प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने यहां तक कह दिया कि भाषण में तो फटकारे मैं देता हूं, लेकिन इस बार करण सिंह ने मुझे पीछे छोड़ दिया। डोटासरा ने कहा कि गजेंद्र सिंह शेखावत मेरे शेखावाटी के भाई हैं। उन्हें वापस शेखावाटी भेज हैं, वहां बहुत सारे काम हैं। वो मेरे जिले के रहने वाले हैं। करण सिंह ने उनकी पोल खोल कर रख दी है, इसलिए मेरे भाई को वापस शेखावाटी भेज दो।डोटासरा ने कहा कि हारना तो बाड़मेर और बीकानेर वाले मंत्री को भी पड़ेगा। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आज जो उत्साह यहां नजर आ रहा है, ऐसा ही उत्साह था जब उन्होंने पहला चुनाव लोकसभा का लड़ा था। आज वही दृश्य देखने को मिल रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा ने कहा कि वो गांव-गांव जा रहे हैं। वहां लोगों से पूछ रहे हैं कि सांसद के मार्फत गांव में कोई काम हुआ? हां सुनने को बहुत कम मिल रहा है। गांवों में घोषणा कर सांसद भूल गए। उचियारड़ा ने कहा कि 10 साल तक शेखावत को मौका दिया है, एक बार मुझे भी मोका देकर देख लो। मेरी उम्र 55 साल की हो गई है, हार गया तो अगली बार टिकट नहीं मिलेगा। ऐसा हुआ तो राजनीति में बिना चुनाव जीते ही कुंवारा मरना पड़ेगा।

# पाली की कांग्रेस उम्मीदवार नामांकन देने पहुंची, फॉर्म लाना ही भूल गई

**पाली,** (नि.सं.)। राजस्थान में कांग्रेस ने इस बार कई नए चेहरों पर दांव चला है। लोकसभा चुनाव के लिए चुने गए प्रत्याशियों में से एक नाम पाली की उम्मीदवार संगीता बेनीवाल का भी है, जो पूर्ववर्ती गहलोत सरकार में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष थी। अब उन पर पार्टी ने भरोसा जताया है।

पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रही बेनीवाल के लिए पाली में मुकाबला भी कड़ा है। इसी हड़बड़ाहट में वह बड़ी गलती कर गई। वह अपना नामांकन ही भूल गई, फिर नामांकन जिला अध्यक्ष को देना पड़ा। दो अप्रैल को पाली में तीन नामांकन पत्र भरे गए। दोपहर में कांग्रेस प्रत्याशी संगीता बेनीवाल अपना नामांकन भरने आई तो विधायक भीमराज भाटी, जिला अध्यक्ष अजीज दर्द के साथ बद्रीराम जाखड़ भी मौजूद थे। जब जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपनी उम्मीदवारी पेश करने आई तो बेनीवाल से बड़ी चूक हो गई, वह अपनी उम्मीदवारी का नामांकन ही साथ लाना भूल गई, जब अधिकारी के कार्यालय पहुंचीं तो उन्हें भीतर आने पर इस बात का अहसास हुआ। इस दौरान उनके साथ आवेदन तो, लेकिन नॉटरी नहीं की हुई थी। कुछ समय तक संगीता बेनीवाल खड़ी रही।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी के कक्ष के सामने बना अतिथि कक्ष में इंतजार करती रही बेनीवाल के चेहरे के हावभाव काफी बदल चुके थे। काफी देर के बाद जब नामांकन फॉर्म वापस आया तो कांग्रेस प्रत्याशी संगीता बेनीवाल अपना आवेदन जमा करने के लिए आगे बढ़ी। इस दौरान वह आवेदन की जगह अपने हाथ से शपथ पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी को दिया तो जिला निर्वाचन अधिकारी ने पूछा फॉर्म कहा है? ये तो ऐफिटडेविट है। जिला अध्यक्ष अजीज दर्द के हाथ में आवेदन पत्र था। कुछ देर बाद अजीज दर्द ने अपने हाथो से फॉर्म जिला निर्वाचन अधिकारी को दिया और कांग्रेस प्रत्याशी चुपचाप खड़ी रही।

### एफ.एस.टी. ने एक लाख की नगदी जब्त की

**मालपुरा,** (निसं)। लोकसभा चुनाव के दौरान हवाला की राशि परिवहन सहित अन्य गतिविधियों पर निगरानी व रोकथाम को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों पर मालपुरा निर्वाचन अधिकारी द्वारा गठित एफएसटी टीम ने मंगलवार को जयपुर-भीलवाड़ा स्टेट हाईवे पर डेंचवास मोड़ के पास नाकाबंदी लगा वाहनों की जांच शुरू की।

टीम प्रभारी सुरेश चन्द मीणा के सुपरविजन में एफएसटी टीम ने तलाशी के दौरान एक कार से 1 लाख रूपये की नगदी बरामद की। कार चालक मनीष शर्मा से पूछताछ करने पर संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर टीम ने नगदी को जप्त कर सूचना निर्वाचन कार्यालय मालपुरा को दी गई। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव के दौरान हवाला की राशि सहित अवैध शराब परिवहन भंडारण व बिक्री के साथ-साथ अन्य गतिविधियों पर रोकथाम को लेकर टीमें लगातार क्षेत्र में गश्त व नाकाबंदी कर रही है। जो कि चुनावों तक जारी रहेगी।

# विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट से खेत में आग लगी

## आग से एक बीघा से अधिक गेंहू की फसल जलकर राख

**मालपुरा,** (निसं)। दूदू-छाण स्टेट हाईवे पर अम्बापुरा गांव में हाईटेंशन विद्युत लाइन में हुये शॉर्ट सर्किट से गेंहू के खेत में आग लग गई। आग से एक बीघा से अधिक गेंहू की फसल जलकर राख हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि अम्बापुरा गांव में खेतों के बीच से होकर गुजर रही हाई वॉल्टेज 11 केवी विद्युत लाइन में मंगलवार की दोपहर तेज हवा के दौरान शॉर्ट सर्किट हो जाने से भंवरलाल, मीठालाल तिवाड़ी के खेत में गेंहू की फसल में आग लग गई। आग लगने से आस पास के खेतों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन हवा के वेग से आग विकराल हो गई। नगर पालिका कार्यालय में आग की सूचना देने पर जानकारी सामने आई कि बीते नौ माह से दमकल पर तैनात गृह रक्षा दल के जवानों को भुगतान नहीं मिलने के कारण जवानों ने 1 अप्रेल से ड्यूटी से इंकार कर दिया। मामले की जानकारी कार्यवाहक ईओ राहुल पारीक को दी गई। जिस पर ईओ ने चालक की वैकल्पिक व्यवस्था कर दमकल को मौके के लिये रवाना किया। दमकल के पहुंचने से पूर्व ही ग्रामीणों ने अपने स्तर पर कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक एक बीघा से अधिक गेंहू की फसल राख के ढेर में तब्दील हो गई।



हाई वॉल्टेज विद्युत लाईन मे शॉर्ट सर्किट से लगी आग से गेंहू की फसल जल गई।

- **आग पर काबू पाने से आसपास 30 से 40 बीघा की फसल को बचाया**

देरी से पहुंची दमकल को लेकर ग्रामीणों ने कड़ी नाराजगी जताते हुये पालिका प्रशासन के प्रति गहरा रोष जताया। कार्मिकों को भी जमकर खरी खोटी सुनाई। जिस पर कार्मिकों ने बताया कि मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र की दो लाख से अधिक की आबादी व 38 ग्राम पंचायतों में होने वाली आगजनी की घटनाओं पर काबू पाने के लिये एक मात्र दमकल है, जिस पर बीते 9 महिनों से तैनात हॉमगार्ड के जवानों को भुगतान नहीं मिलने से जवान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। विद्युत निगम के कार्मिकों को भी आग की सूचना दी गई। जिस पर विद्युत सप्लाई बंद कर बड़ी जनहानि होने से रोका गया। ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू पा लने से आसपास तकरीबन 30 से 40 बीघा खडी गेंहू व सरसों सहित सौंप की फसल को सुरक्षित बचा लिया।

# फर्जी एन.ओ.सी. से विदेशी मरीजों के ऑर्गन ट्रांसप्लांट किए

## आरोपियों ने नेपाल, बांग्लादेश व कंबोडिया के लोगों का ऑर्गन ट्रांसप्लांट किया था


**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए फर्जी एनओसी के मामले में मंगलवार को फोर्टिस और ईएचसीसी अस्पताल में सर्च किया। इस दौरान फोर्टिस अस्पताल से ऑर्गन ट्रांसप्लांट की 20 से ज्यादा फाइलें जब्त की। टीम ने फोर्टिस अस्पताल के ऑर्गन को-ऑर्डिनेटर विनोद सिंह के चेंबर में भी तलाशी ली। ईएचसीसी अस्पताल से भी ऑर्गन ट्रांसप्लांट की 15 फाइलें जब्त की हैं।एसीबी की जांच में समाने आया कि आरोपियो ने फर्जी एनओसी से विदेशी मरीजों के ऑर्गन ट्रांसप्लांट किए।

एसीबी के डीआईजी डॉ. रवि ने प्रेस वार्ता में बताया कि प्रदेश में ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए 12 अस्पताल को ही परमिशन है। इस लिस्ट में मुम्बई के अस्पताल में शामिल है। करीब सवा तीन साल में 1000 से ज्यादा एनओसी जारी की गई। इनमें से कितने केस सही है या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। एसएमएस से अरेस्ट गौरव के घर से एनओसी की जो फाइलें जब्त की है,उनमें से 40 प्रतिशत केस विदेशी मरीजों के है। ये सभी एनओसी कम्बोडिया, बांग्लादेश और नेपाल के मरीज की है। इनमें कुछ फाइलें कम्पलीट है तो कुछ खाली मिली है। इन मामलों में कितने रुपयों का लेन-देन हुआ , इसकी जांच की जा रही है। मामले में पकड़े गए दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। एसीबी ने मंगलवार को सवाई मानसिंह अस्पताल में सर्च किया और अंग प्रत्यारोपण का रिकॉर्ड वाले कार्यालय को सीज कर दिया गया। इसमें कई पुरानी फाइलें मिली है। इन सभी फाइलों की जांच की जाएगी।

डॉ रवि ने बताया कि अंग प्रत्यारोपण मामले में अरेस्ट लोग कोई रैकेट नहीं चला रहे है। यह एक नार्मल प्रक्रिया है। मेडिकल ट्ययूरिज्म में राजस्थान आगे बढ़ रहा है। मेडिकल सुविधाएं राजस्थान में अच्छी है। बाहर से लोग इलाज करवाने देश में आते है। जयपुर में भी बड़ी संख्या में लोग आते है। गौरव के घर से एनओसी जब्त की है उनमें से खाली या पूरी भरी हुई उनमें 40 प्रतिशत विदेशी है। अंग प्रत्यारोपण के मामले में डॉर्नर जेनुइन है या नहीं इसकी अभी तक जांच हमारें स्तर पर नहीं की गई है। अंग प्रत्यारोपण और फर्जी एनओसी जारी करने के बाद निचले स्तर से ऊपरी स्तर के कर्मचारी हो या अधिकारी अगर किसी की संलिप्तता पाई जाती है तो किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

डीआईजी डॉ. रवि ने इस मामले के खुलासे में एसएमएस अस्पताल प्रशासन ने पूरी मदद की है। इस पूरे मामले की जानकारी एसएमएस अस्पताल प्रशासन से ही मिली थी। इसकी जांच के लिए संदिग्ध पर निगरानी रखी गई और फिर सूचना के पुख्ता होने पर ही इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। इस मामले में गठित डॉक्टर्स की कमेटी भी संदेह के घेरे में है। खास बात यह है कि पिछले करीब सालभर से ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए बनाई गई डॉक्टरों की कमेटी की एक भी बैठक नहीं हुई है। यही कमेटी है, जो ऑर्गन ट्रांसप्लांट करने के लिए एनओसी जारी करती है। ऐसे में कमेटी में शामिल सभी डॉक्टर्स या मेंबर संदेह के घेरे में है।

बिना बैठक के ही बड़ी संख्या में अंग प्रत्यारोपण की एनओसी जारी कर दी गई। इस कमेटी की अधिकृत मीटिंग के बिना ही रैकेट में शामिल लोग एनओसी जारी कर देते थे। इस पूरे मामले में उच्च स्तर पर मेडिकल स्टाफ की मिलीभगत और अंगों की तस्करी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। एसीबी के डीआईजी डॉ. रवि ने बताया कि अभी तक की जांच में सामने आया कि इन लोगों का कई निजी अस्पतालों से संपर्क था। इनमें राज्य से बाहर के अस्पताल भी हैं। डॉ. रवि ने बताया कि एसीबी ने 15 से 20 दिनों तक इन लोगों की कॉल सुनी। एसीबी को शक था कि ये लोग ऑर्गन की खरीद-फरोख्त करते हैं, लेकिन इनकी बातें सुनने के बाद और मौके से मिले फर्जी सर्टिफिकेट से यह बात लगभग तय हो चुकी है कि इनकी ओर से किसी भी प्रकार से गलत व्यक्ति को ऑर्गन डोनेट नहीं किया गया था।



ए.सी.बी. के डी.आई.जी. डॉ. रवि मंगलवार को प्रेस से रूबरू हुए।

### मरीज से सर्टिफिकेट का भी पैसा लेते थे

एसीबी की पूछताछ में सामने आया है कि जिन मरीजों की स्थित नाजुक होती थी, ये लोग उनसे जल्दी सर्टिफिकेट बनाने के लिए मनचाहा पैसा लेते थे। अस्पताल में ये लोग प्रति सर्टिफिकेट 35 हजार दिया करते थे, जबकि मरीज से 1 लाख रुपए तक लेते थे।

### ऑर्गन ट्रांसप्लांट की मंजूरी का काम होगा ऑनलाइन

उधर, ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए एनओसी देने के मामले में फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद अब एसएमएस हॉस्पिटल प्रशासन एक्टिव हुआ है। मरीजों के परिजनों को एनओसी देने की प्रक्रिया में बदलाव का निर्णय किया है। ये सिस्टम पूरी तरह ऑनलाइन करने के साथ ही इसके लिए नई एसओपी बनाने पर विचार किया गया है। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा करने के बाद इसके लिए जल्द एसओपी बनाने का निर्णय किया है। प्रिसिंपल डॉ. राजीव बगरहट्टा ने बताया कि इस तरह फर्जी तरीके से एनओसी जारी करना वाकई में बड़ी घटना है। इसे रोकने के लिए इस सिस्टम को ऑनलाइन करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिस अस्पताल में ट्रांसप्लांट होना है, वहां का प्रशासन मरीज और डोनर दोनों की एप्लिकेशन ऑनलाइन ही भेजेगा, ताकि हमें पता रहे कि किस हॉस्पिटल में ऑर्गन ट्रांसप्लांट हो रहा है। एसएमएस हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि हम इस प्रक्रिया को सरल करने के साथ ही नई एसओपी बनाने पर भी विचार कर रहे हैं, ताकि मरीजों को ज्यादा लंबा इंतजार नहीं करना पड़े और उन्हें जल्द से जल्द ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए एनओसी मिल सके।

- **पैसे देकर ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिये फर्जी एन.ओ.सी. देने का मामला**
- **आरोपियों ने एक हजार से ज्यादा फर्जी सर्टिफिकेट बनाए**
- **एसीबी ने फोर्टिस-ईएचसीसी हॉस्पिटल से जब्त की फाइलें**

# दूसरे चरण के लिए आज 45 नामांकन

**जयपुर,** (का.सं.)। लोकसभा चुनाव-2024 के तहत द्वितीय चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मंगलवार को 27 प्रत्याशियों द्वारा 45 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए गए। अब तक 54 प्रत्याशियों ने 89 नामांकन प्रस्तुत किए हैं। बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए अब तक एक भी नामांकन पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि द्वितीय चरण के लिए मंगलवार को चित्तौड़गढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 4, टोंक-सवाई माधोपुर, पाली, जोधपुर, जालोर और कोटा से 3-3, अजमेर और बाड़मेर से 2-2 एवं उदयपुर, राजसमंद, भीलवाड़ा और झालावाड़-बारां लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 1-1 प्रत्याशी ने नामांकन किया।

टोंक-सवाईमाधोपुर में इंडियन पीपुल्स ग्रीन पार्टी के गणेश मीणा, निर्दलीय माखन और जसराम, भाजपा के सुखबीर सिंह जौनपुरिया, भीम ट्राइबल कांग्रेस के जगदीश प्रसाद शर्मा, अजमेर में इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी, निर्दलीय विश्राम बाबू और धर्म सिंह, भाजपा के भागीरथ चौधरी, राजसमंद में बहुजन समाज पार्टी के नीरू राम कापड़ी, भारतीय जन अधिकारी पार्टी से घनश्याम सिंह, पाली में निर्दलीय लाल सिंह देवासी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से संगीता बेनीवाल, इंडियन पीपुल्स ग्रीन पार्टी से बस्तीराम, जोधपुर में भाजपा से गजेन्द्र सिंह शेखावत, निर्दलीय विशेक विश्नोई, सुनील भंडारी और सरोज सोलंकी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से करण सिंह और इंडियन पीपुल्स ग्रीन पार्टी से भोम सिंह, बाड़मेर में भाजपा से कैलाश चौधरी, निर्दलीय हरपाल सिंह राजपुरोहित, रवीन्द्र सिंह भाटी, देवीलाल, ताराराम मेहना और प्रताप राम, जालोर में भाजपा प्रत्याशी महेंद्र के चौधरी एवं निर्दलीय कालूराम, देवाराम और कुपाराम, बहुजन समाज पार्टी से लाल सिंह ने पर्चा भरा। इसी प्रकार उदयपुर में भाजपा प्रत्याशी मन्ना लाल रावत, इंडियन नेशनल कांग्रेस से ताराचंद मीणा, निर्दलीय प्रभु लाल मीणा, चित्तौड़गढ़ में पहचान पीपुल्स पार्टी के मोहम्मद वाहिद खान, राइट टू रिकॉल पार्टी के महावीर प्रसाद, निर्दलीय गजेंद्र, प्रताप सिंह चुंडावत और श्याम लाल मेघवाल, बहुजन समाज पार्टी से रमेश, भाजपा से चंद्र प्रकाश जोशी, बांसवाड़ा में निर्दलीय राजकुमार रोत एवं बंशीलाल अहारी, भीलवाड़ा में राइट टू रिकॉल पार्टी के पवन कुमार शर्मा, बहुजन मुक्ति पार्टी के मोती लाल सिंघानिया, निर्दलीय अर्जुन कुमार शर्मा, कोटा में राइट टू रिकॉल पार्टी के प्रत्याशी तरुण गोचर, रामनाथ मेहरा, योगेश कुमार शर्मा, भंवर कुमार रावल, सत्येंद्र कुमार जैन और कैलीशी अनिल जैन, इंडियन नेशनल कांग्रेस से प्रहलाद गुंजल, झालावाड़-बारां में भाजपा से दुष्यंत ने नामांकन पत्र भरा।

## पवन बने युवा मोर्चा संभाग संयोजक

**जयपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर (चेची) नेपवन दिलावर को युवा मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों के लिए कोटा संभाग का संयोजक नियुक्त किया है।

युवा मोर्चा राजस्थान प्रदेश द्वारा जारी विज्ञिप्त के अनुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर के नेतृत्व में 3 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में "नमो युवा सम्मेलन" तथा "कमल संदेश बाइक रैली" निकाली जाएगी। दोनों कार्यक्रमों के लिए सफल आयोजन के लिए सुमित अग्रवाल को प्रदेश संयोजक बनाया गया है।

# मतदाता को स्वतंत्र व भयमुक्त वातावरण देना पुलिस की जिम्मेदारी : मुख्य सचिव

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्य सचिव सुधांश पन्त ने कहा कि चुनाव के समय मतदाता को मतदान के लिए स्वतंत्र व भयमुक्त वातावरण देना पुलिस विभाग की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मतदाता बिना किसी दबाव, लालच और डर के सुविधापूर्वक मतदान करे इसके लिए पुलिस विभाग विशेष सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करे। उन्होंने चुनावों को प्रभावित करने की मंशा रखने वाले तथा आमजन में भय के वातावरण का निर्माण करने वाले अपराधियों की पहचान कर उनपर सख्त कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।

- **कानून व्यवस्था को लेकर मुख्य सचिव ने की पुलिस विभाग के साथ बैठक**

पंत मंगलवार को शासन सचिवालय में लोकसभा चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग के साथ आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के दौरान पुलिस विभाग द्वारा जब्ती की कार्रवाई, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अवैध पदार्थों की तस्करी, कानून व्यवस्था, अंतरराज्यीय तथा विभिन्न कुख्यात सगठनों पर कार्यवाही, सामुदायिक व जातीय हिंसा की घटनाओं सहित लोकसभा चुनावों से सम्बंधित सभी आवश्यक विषयों पर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग के साथ प्रस्तावित बैठक की तैयरियों की भी समीक्षा की।

पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से चुनावों को संपन्न कराने के लिए पुलिस द्वारा संवेदनशील इलाकों में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है तथा पडोसी राज्यों के साथ समन्वय बनाकर सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी रखी जा रही है।

# सत्येंद्र शर्मा ने वनस्थली विद्यापीठ में देखी एन.सी.सी. गतिविधियां

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान निदेशालय के एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा उप महानिदेशक एनसीसी राजस्थान एवं कमांडिंग ऑफिसर कर्नल बीएम एस परमार द्वारा वनस्थली विद्यापीठ की गतिविधियों का निरीक्षण किया गया।

सर्वप्रथम विद्यापीठ की छात्राओं द्वारा उपमहानिदेशक एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा का राजस्थानी परंपराओं के अनुसार तिलक लगाकर एवं सूत की माला पहनकर जोश एवं उत्साह से स्वागत किया गया। विद्यापीठ की एनसीसी की कैडेट्स एवं एनसीसी बैंड द्वारा एयर कमोडोर सत्येन्द्र शर्मा को जनरल सैल्यूट दिया गया। इस अवसर पर विद्यापीठ की कुलपति प्रो ईना आदित्य शास्त्री, निदेशक डॉ अंशुमान शास्त्री एवं विद्यापीठ के एनसीसी से जुड़े हुए अन्य पदाअधिकारी उपस्थित रहे। विद्यापीठ की गतिविधियों का अवलोकन किया गया जिनमें सर्वप्रथम विद्यापीठ की जन्मस्थली श्री शांतिबाई शिक्षा कुटीर का अवलोकन कर स्थान के ऐतिहासिक महत्व को जाना इसके उपरांत कला मंदिर में छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग एवं फेस्को वर्क से बारे में जानकारी प्राप्त की। स्पोर्ट्स कांपलेक्स एवं स्कूल ऑफ एवियेशन, स्कूल आफ का डिजाइन, स्कूल का ऑटोमेशन द्वारा संचालित छात्राओं की गतिविधियों का अवलोकन किया। छात्राओं द्वारा की जा रही विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का भी अवलोकन किया एवं एनसीसी सीनियर विंग जूनियर विंग की छात्राओं से रूबरू होकर कर उनका मार्गदर्शन किया। निरीक्षण के उपरांत विद्यापीठ की कुलपति से बैठक हुई जिसमें एनसीसी से जुड़े हुए विषयों पर विचार विमर्श किया गया। विद्यापीठ की कुलपति द्वारा एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



राजस्थान निदेशालय के एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा उप महानिदेशक एनसीसी राजस्थान और कमांडिंग ऑफिसर कर्नल बीएम.एस. परमार ने वनस्थली विद्यापीठ की गतिविधियों का निरीक्षण किया।

# जयपुर व जयपुर ग्रामीण में 7 हजार से ज्यादा मतदाता घर से करेंगे मतदान

**जयपुर,** (का.सं.)। लोकसभा चुनाव-2024 के तहत शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग एवं 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग 7603 मतदाता घर से मतदान की सुविधा का लाभ उठाएंगे।

उप जिला निवार्चन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में प्रथम चरण में 5 अप्रैल से 13 अप्रैल तक सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक 195 मतदान दल घर-घर जाकर मतदान करवाएंगे। वहीं, होम वोटिंग के दूसरे चरण के तहत 15 अप्रैल एवं 16 अप्रैल को अनुपस्थित मतदाताओं के लिए मतदान की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। डाक मतपत्र प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी अयूब खान जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के 3 हजार 134 मतदाताओं एवं 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग 498 मतदाताओं सहित कुल 3632 पात्र मतदाताओं ने होम वोटिंग की सुविधा के लिए आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित हवामहल विधानसभा क्षेत्र से 300 मतदाता, विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र से 384 मतदाता, सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र से 609 मतदाता, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र से 400 मतदाता, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से 380 मतदाता, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से 685 मतदाता, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से 480 मतदाता, बगरू विधानसभा क्षेत्र से 394 मतदाता घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## सहस्त्रबुद्धे का बांसवाड़ा दौरा आज

**जयपुर,** (का.सं.)। भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ विनय सहस्त्रबुद्धे बुधवार को बांसवाड़ा दौरे पर रहेंगे। डॉ.सहस्त्रबुद्धे बुधवार प्रात: 9 बजे जयपुर एयरपोर्ट से रवाना होकर प्रात:11.30 बजे बांसवाडा के त्रिपुरा सुंदरी पहुंचेंगे।

कार्यक्रम के अनुसार डॉ. सहस्त्रबुद्धे बांसवाड़ा में लोकसभा प्रभारी के साथ सह-प्रभारी, संयोजक, विधायक, जिलाध्यक्ष, संभाग प्रभारी और जिला प्रभारियों के साथ चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा करेंगे।

## अधिवक्ताओं का दायित्व अन्य नागरिकों से अलग : सी.जे.

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट के सीजे एमएम श्रीवास्तव ने कहा कि अधिवक्ताओं का दायित्व अन्य नागरिकों से काफी अलग और ऊपर है। यह पेशा काफी जिम्मेदारी का है। पूरी न्याय व्यवस्था के अधिवक्ता महत्वपूर्ण कडी है। न्याय व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए न्यायाधीश और संसाधन होना पर्याप्त नहीं है, लेकिन न्यायालय में जो पक्षकार अपनी तकलीफ लेकर आता है उसका प्रमुख माध्यम अधिवक्ता है। हम वकीलों से आशा रखते हैं कि वह कर्तव्यों का जिम्मेदारी से निर्वहन करें।

सीजे ने यह विचार मंगलवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित वकीलों के समक्ष रखे। सीजे ने कहा कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने के तत्काल बाद चुनाव हो जाते हैं, यह बार के आंतरिक लोकतंत्र को दर्शाता है। इस मौके पर बार अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने कहा कि वकील समुदाय हमेशा से समाज के कल्याण के लिए ही काम करता है। सीजे ने बार अध्यक्ष के तौर पर प्रहलाद शर्मा, महासचिव के तौर पर सुशील पुजारी सहित पूरी कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।

## नड्डा की झालावाड़ में सभा आज

**जयपुर,** (का.सं.)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा बुधवार को झालावाड़ में जनसभा को संबोधित करेंगे। नड्डा प्रातः 11.30 बजे मध्यप्रदेश के उज्जैन हैलीपैड से रवाना होकर 12.15 बजे झालावाड पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचेगे। इसके बाद झालावाड के प्रवीण शर्मा क्रिकेट स्टेडियम में आमसभा में शिरकत करेंगे।

# राजस्थान के विद्युत निगमों की टीम का शानदार प्रदर्शन




राजस्थान के विद्युत निगमों की लॉन टेनिस और बैडमिंटन टीम ने पहली बार अखिल भारतीय विद्युत प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान पर रहकर एक-एक ब्रांज मेडल प्राप्त किया है।

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान के विद्युत निगमों की लॉन टेनिस और बैडमिंटन टीम ने पहली बार अखिल भारतीय विद्युत प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान पर रहकर एक-एक ब्रांज मेडल प्राप्त किया है।

अखिल भारतीय विद्युत नियंत्रण बोर्ड द्वारा 29 मार्च से 31 मार्च तक कुरुक्षेत्र, हरियाणा में आयोजित की गई 45वीं अखिल भारतीय विद्युत प्रतियोगिता में राजस्थान के विद्युत निगमो से पुरुषों के लॉन टेनिस, कैरम और शतरंज में 13 खिलाड़ियों की टीम तथा महिलाओं की बैडमिंटन, टेबल टेनिस और शतरंज में 8 खिलाड़ियों की टीम ने भाग लिया। राजस्थान से विद्युत निगमो की महिला टीम ने पहली बार अखिल भारतीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में भाग लिया है।

प्रतियोगिता में सभी खेलों में राजस्थान के खिलाड़ियों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया लेकिन अन्य राज्यों के भी अनुभवी खिलाड़ी और मुकाबला कठिन होने के कारण पुरुषों के लॉन टेनिस और महिलाओं के बैडमिंटन खेल में ही सफलता हासिल हो सकी।

- **पुरुषों की लॉन टेनिस और महिलाओं की बैडमिंटन टीम को ब्रांज मेडल**

अखिल भारतीय विद्युत प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने वाली लॉन टेनिस टीम में पवन शर्मा, सहायक निदेशक जनसंपर्क विद्युत उत्पादन निगम, अरुण कुमार सहायक लेखाधिकारी जोधपुर डिस्कॉम, जितेंद्र कुमार यादव सहायक अभियंता उत्पादन वृत्त कोटा, कृष्ण कुमार चौधरी कनिष्ठ लेखाकार उत्पादन निगम और रतनलाल मीना कनिष्ठ लेखाकार उत्पादन निगम जयपुर हैं। इसी तरह कांस्य पदक प्राप्त करने वाली बैडमिंटन की महिला टीम में दीपिका कालेर तकनीकी प्रबंधक आरआरईसी, शीला चौधरी कनिष्ठ विधि अधिकारी प्रसारण निगम, पूजा मीना कनिष्ठ अभियंता कोटा थर्मल विद्युत गृह और पूनम पिलानिया, कनिष्ठ अभियंता, सूरतगढ़ सुपरक्रिटिकल थर्मल विद्युत गृह है।

आज सभी खिलाड़ियों के आगमन पर उनका अपने अपने कार्य स्थलों पर स्वागत किया गया और विद्युत निगमो के सीएमडी, प्रबंध निदेशक, निदेशक, मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित उच्चाधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा बधाई दी गई है।

## हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

**जयपुर,** (का.सं.)। महिला उत्पीड़न एवं दहेज प्रकरण मामलों की विशेष अदालत महानगर प्रथम ने विवाहिता से दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने वाले अभियुक्त राजू मीना को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 90 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि अभियुक्त ने पीडिता से दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या करने का गंभीर अपराध किया है। ऐसे में उसके प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि मृतका की बहन ने 8 जनवरी 2022 को तुंगा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसकी बड़ी बहन 7 जनवरी से लापता है और बहुत तलाश करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला है। इसके बाद उन्हें सूचना मिली कि उसकी बहन के साथ किसी ने खेत में दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी है। वहीं साक्ष्य छिपाने के लिए लाश को कुएं में डाल दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए मामले में आरोपी राजू मीना को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या व दुष्कर्म के अपराध में चालान पेश किया। पुलिस जांच में सामने आया कि अभियुक्त ने मृतका से दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी थी और उसकी पहचान छिपाने के लिए उसका चेहरा पत्थर से कुचलकर लाश को कुएं में फेंक दिया था। पुलिस को मौके पर अभियुक्त की एक चप्पल बरामद हुई थी, जिस पर खून के निशान थे। जबकि दूसरी चप्पल उसके घर पर मिली थी। आरोपी की पत्नी ने चप्पल की पहचान की थी। जिसके चलते प्रकरण का खुलासा हुआ था।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता की तबीयत बिगड़ी

**जयपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सीनियर आईएएस प्रवीण गुप्ता की मंगलवार को फिर से तबीयत खराब हो गई। उन्हें इलाज के लिए जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल (एसएमएस) की इमरजेंसी में लाया गया।

डॉक्टरों ने बताया कि गुप्ता को सांस में तकलीफ की शिकायत के बाद उनके निजी गार्ड यहां लेकर पहुंचे। जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट के डॉक्टरों ने गुप्ता का इलाज शुरू किया है। प्रारंभिक तौर पर उनकी ईसीजी, चेस्ट एक्सरे और ब्लड की कुछ रुटिन जांचें करवाई है। इनकी रिपोर्ट आने के बाद आगे का ट्रीटमेंट दिया जाएगा।

गौरतलब है कि विधानसभा के चुनाव के दौरान भी प्रवीण गुप्ता की तबीयत खराब हो गई थी। उस समय उन्हें खाना खाने के दौरान सांस लेने में तकलीफ होने लगी थी और वह बेहोश हो गए थे। इस पर सुरक्षा गार्डों और घर के दूसरे सदस्यों ने उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया था। ईसीजी, ब्लड की जांच और एक्स-रे करवाने और प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें मेडिकल आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। इसके बाद उन्हें होश आ गया और कुछ घंटे इलाज के बाद उनको डिस्चार्ज कर दिया गया था।

## पुलिस कस्टडी से भागा बदमाश

**जयपुर ।** शिवदासपुरा पुलिस की कस्टडी से एक बदमाश अमर चंद (25) निवासी चंदलाई फरार हो गया। आरोपी बदमाश टॉयलेट जाने के बहाने सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय की दीवार कूदकर फरार हो गया। कांस्टेबल शिवराज ने मामला दर्ज करवाया है कि शांतिभंग के मामले में आरोपी नरसी लाल गुर्जर, गोपाल शर्मा, रामप्रसाद शर्मा और अमर चंद को गिरफ्तार किया था। इनमें से अमरचंद फरार हुआ है।

# पंजाब नेशनल बैंक के डिप्टी मैनेजर से साइबर ठगी

**जयपुर ।** ज्योति नगर इलाके में नेहरू पैलेस स्थित पीएनबी बैंक के डिप्टी मैनेजर के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि पीएनबी के डिप्टी मैनेजर मीठा लाल की शिकायत पर साइबर अपराध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी ने पैसा एचडीएफसी के एक बैंक खाते में लिया है। उस खाते के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

डिप्टी मैनेजर ने बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर एपीके फाइल का लिंक मैसेज मिला। इस लिंक को ओपन किया तो 31 मार्च को सुबह सवा 9 बजे उनके खाते से 2 लाख 37 हजार रुपए डेबिट हो गए। इसका मैसेज मोबाइल पर मिलने पर मैनेजर ने तुरंत 1930 पर फोन किया और खाता सीज कराया। पीड़ित ने साइबर सेल के नंबर 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करवाई। साथ ही पीएनबी में भी फ्रॉड की शिकायत दे दी है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने खाते से संबंधिक कोई भी जानकारी किसी के साथ साझा नहीं की, फिर भी उसके खाते से रुपए निकल गए। मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# करधनी में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेनेट्री शॉप में चोरी की वारदात

**जयपुर** (कासं)। करधनी इलाके में चोरों ने एक इलेक्ट्रॉनिक्स और सेनेटरी की दुकान को निशाना बनाकर लाखों रुपए का सामान ले गए। बदमाशों ने वारदात को अंजाम देने के लिए शटर को तोड़ा और फिर अंदर घुसकर प्लास्टिक के कट्टों में सामान भरकर फरार ले गए। यह पूरी घटना वारदातस्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

- **सी.सी.टी.वी. फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों को तलाशने में जुटी**

पुलिस ने बताया कि मलिकपुर तोरण चौमूं निवासी रमेश कुमार कुमावत (25) ने मामला दर्ज करवाया कि निवारू रोड पर त्रिवेणी नगर-2 में उनकी गणेश इलेक्ट्रिक एंड सैनेटरी स्टोर के नाम से दुकान है। 30 मार्च की रात को रोजाना की तरह दुकान बंद कर वह घर चले गए। देर रात बदमाश शटर तोड़कर दुकान के अंदर घुसे और गल्ले में रखे 22 हजार रुपए नकदी के साथ ही प्लास्टिक के कट्टों में करीब 4 लाख रुपए कीमत का सामान चोरी कर ले गए। दुकान के अंदर-बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में बदमाशों की करतूत कैद हो गई। रात करीब 2 बजे 2 बदमाश पैदल आकर दुकान के बाहर कुछ दूरी पर नकब और प्लास्टिक कट्टे रखे गए। कुछ देर बाद रेकी करने के बाद दोबारा आए बदमाशों ने बाहर लगे सीसीटीवी के डायरेक्शन को चेंज किया। इसके बाद लोहे के नकब से दुकान का शटर तोड़कर दोनों बदमाश अंदर घुसे। प्लास्टिक कट्टों में कीमती सामान भरते समय हेलमेट लगा रखे बदमाश ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़कर दिया। दोनों बदमाश गल्ले में रखे रुपए और कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए।

# 6.93 करोड़ रुपए का अवैध डोडा-चूरा पकड़ा, दो गिरफ्तार

## ट्रक में 173 कट्टों में डोडा-चूरा भरा मिला, एक व्यक्ति फरार

**नागौर,** (निसं)। नागौर जिले के श्रीबालाजी थाना क्षेत्र नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने तिरपाल से ढके एक ट्रक को रुकवाया और तलाशी ली तो उसमें 6.93 करोड़ रुपए का अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा बरामद किया। इस दौरान एक व्यक्ति मौके से भाग गया। वहीं पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

■ **ट्रक को एस्कोर्ट कर रही एक स्विफ्ट कार को पुलिस ने जब्त किया**

नागौर जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सघन नाकाबंदी व धरपकड़ किये जाने के आदेशों की पालना में सुमित कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नागौर के निर्देशन व नारायण कुमार बाजिया वृताधिकारी नागौर के निकटतम सुपरविजन में स्वागत पाण्ड्या थानाधिकारी श्रीबालाजी के नेतृत्व में गठित टीम ने नाकाबंदी के दौरान पुलिस थाना श्रीबालाजी के सामने पर नाकाबंदी में एक ट्रक में से 173 कट्टों में 4622 किलो अवैध मादक पदार्थ जब्त किया है। ट्रक को एस्कोर्ट कर रही एक स्विफ्ट कार को जब्त कर राकेश तथा शफी मोहम्मद को गिरफ्तार किया गया। जब्तशुदा अवैध डोडा पोस्त की बाजार कीमत लगभग 6 करोड़ 93 लाख रूपये आंकी गई है।



**श्रीबालाजी पुलिस थाना के सामने पर नाकाबंदी में ट्रक में से 4622 किलो मादक पदार्थ जब्त किया**

जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने बताया कि सोमवार अलसुबह श्रीबालाजी थाना अधिकारी स्वागत पाण्ड्या के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा दौराने नाकाबंदी पुलिस थाना श्रीबालाजी के सामने लगे नाका पर नाकाबंदी करते हुए नागौर से बीकानेर की तरफ आ रही एक स्विफ्ट गाड़ी को रूकवाया जो मादक पदार्थ से भरे ट्रक के आगे चलकर एस्कोर्ट के रूप में कार्य कर ही थी। इसी दौरान एक ट्रक जिस पर ऊपर तिरपाल लगा हुआ था, नाकाबंदी पर आकर रूका जिसको रूकवाया तो एक ट्रक में खलासी साईड की तरफ बैठा व्यक्ति पुलिस नाकाबंदी को देखकर फरार हो गया। रूकवाये गये दोनों वाहनों व व्यक्तियों की तलाशी ली गई तो ट्रक में 173 कट्टों में डोडा-चूरा भरा होना पाया, जिनका तौल किया गया तो वजन करीब 4622 किलो 250 ग्राम हुआ, जिस पर अवैध मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया व परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट व फर्जी नम्बर प्लेट उपयोग करने के संबंध में प्रकरण दर्ज किया जाकर अनुसंधान किया जा रहा है।

# झुंझुनूं में डेढ़ करोड़ की नकदी पकड़ी

## यू.पी. नंबर की बस में लाई जा रही थी नगदी

**झुंझुनूं,** (निसं)। पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब डेढ़ करोड़ का कैश जब्त किया है। यह केश कहां से आया, कहां जा रहा था और किस काम से लाया जा रहा था, वो तो अभी जांच का विषय है। लेकिन प्रारंभिक तौर पर पुलिस ने इस राशि को जब्त कर इनकम टैक्स को सौंप दिया है। वहीं पुलिस जांच में यदि यह पैसा हवाले का आता है तो ईडी को भी कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। झुंझुनूं एसपी राजर्षि राज वर्मा ने प्रेस वार्ता में इस कार्रवाई की जानकारी दी।

एसपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनावों के तहत लगातार पुलिस द्वारा निगरानी रखी जा रही है। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि बस में कुछ संदिग्ध युवक भारी मात्रा में कैश लेकर आ रहे है। जिस पर चिड़ावा कस्बे के पिलानी चौराहे पर जिला स्पेशल टीम ने लोकसभा चुनावों के लिए नियुक्त की गई फ्लाईंग स्कवायड के साथ नाकाबंदी के दौरान एक बस रूकवाई और उसमें तलाशी ली तो तीन युवकों के पास चार पीठू बैग मिले, जो पूरी तरह से कैश के भरे हुए थे। इन युवकों को डिटेन कर जब पैसे गिने गए तो यह राशि एक करोड़ 54 लाख 90 हजार 600 रूपए थी।


**झुंझुनूं पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब डेढ़ करोड़ का कैश जब्त किया।**

जिसे जब्त किया गया। इसके अलावा इन युवकों के पास तीन चैक मिले है, जो भी चार लाख रूपए के राशि के है। युवकों से पूछताछ की गई तो वे संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए। जिसके कारण इस राशि को जब्त कर इनकम टैक्स को सौंपा गया है। एसपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि इस मामले में पुलिस जांच की जा रही है। यदि हवाले के पैसे मिले तो ईडी को इस संदर्भ में कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। जिन युवकों के पास ये राशि मिली है। वे युवक सीकर शहर के बकरा मंडी वार्ड नंबर पांच निवासी 37 वर्षीय मोहम्मद जावेद पुत्र मोहम्मद रमजान, सीकर शहर के वार्ड नंबर 62 अलीमा मस्जिद के पास रहने वाला 32 वर्षीय मोहम्मद आसिफ पुत्र मोहम्मद रफीक तथा झुंझुनूं शहर के वार्ड नंबर नौ कालती हवेली के पास रहने वाला 33 वर्षीय मोहम्मद मंजूर पुत्र मोहम्मद युनूस व्यापारी शामिल है।

एसपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि इतनी बड़ी रकम मिलने के बाद बैंक से नोट गिनने की मशीन मंगवाई गई। करीब दो घंटे लगे। तब जाकर पुलिस इन पैसों को गिन पाई। इन पैसों में अधिकतर 500-500 नोट की गड्डियां थी। तो वहीं 100-200 के नोट की भी एकाध गड्डी शामिल थी। जानकारी के मुताबिक पुलिस के रूपए गिनने के बाद इन रूपयों की गिनती इनकम टैक्स के अधिकारियों ने भी मशीन लगाकर की। इस कार्रवाई के बाद यह चर्चा है कि लोकसभा चुनावों में खपाने के लिए तो यह नगदी हवाले के जरिए पहुंचाई जा रही थी। जिन युवकों के पास पैसा मिला है। वो भी सीकर और झुंझुनूं के रहने वाले है। ऐसे में यह जांच का बड़ा विषय है। पुलिस ने प्रारंभिक पूछताछ और नगदी इनकम टैक्स को सौंपने के बाद युवकों को छोड़ दिया है।

# चालीस लाख का सोना, नकदी व कार जब्त, तीन व्यक्ति डिटेन


**खेरवाडा पुलिस ने कार से सोना व नगदी जब्त की।**

**उदयपुर,** (कासं)। खेरवाड़ा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान चालीस लाख का सोना व पैंसठ हजार नकदी सहित कार जब्त कर तीन व्यक्तियों को डिटेन किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर लोकसभा चुनावों के मद्दे नजर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में खेरवाड़ा थानाधिकारी दिलिपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल ने रानी रोड़ पर नाकबंदी के दौरान मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर अहमदाबाद से खेरवाड़ा जाने वाले रोड़ पर कार को रोक कर तलाशी ली तो उसमें सवार महेश पटेल के पास से 545 ग्राम सोने के बिस्कीट के चार टुकडे तथा 65 हजार रूपये नकदी मिली। दस्तावेज पूछने पर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर महेश पुत्र मिठालाल पटेल निवासी वागपुर थाना खेरवाड़ा, हरीश पुत्र रतनलाल पटेल निवासी वागपुर खेरवाड़ा तथा शंकर पुत्र थावरा सालवी निवासी बड़ा कारछा खेरवाड़ा को डिटेन किया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# सात लाख की शराब बरामद, ड्राइवर गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। धंबोला थाना पुलिस ने लोकसभा चुनाव के तहत सोमवार रात जाम्बुडी में शराब से भरी एक इनोवा कार को जब्त किया है। साथ ही ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। वहीं एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया। कार से सात लाख की शराब बरामद की गई है।


धंबोला थानाधिकारी तेजसिंह ने बताया कि मुखबिर के जरिए सोमवार रात को शराब तस्करी की सूचना मिली थी। जिस पर जाम्बुडी के पास नाकेबंदी की गई। भैसला की तरफ से एक कार आई, लेकिन नाकेबंदी को देखकर कार चालक कार को घुमा कर भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो कार सडक किनारे उतर गई। कार सवार एक व्यक्ति उतर कर फरार हो गया, लेकिन का ड्राइवर वहीं फंस गया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो कार में शराब के कार्टन भरे हुए थे। पुलिस ने कार को जब्त कर गुजरात निवासी कार ड्राइवर अल्ताफ पुत्र याकूब हुसैन को आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार किया। कार से शराब के 82 कार्टन जब्त किए हैं।

# पांच लाख का डोडा-चूरा जब्त, दो गिरफ्तार

## पुलिस ने 30 किलो 185 ग्राम डोडा-चूरा जब्त किया

**भवानीमंडी,** (निसं)। पुलिस थाना भवानीमंडी व आर.पी.एफ. मण्डल कार्यालय कोटा संयुक्त कार्यवाही करते हुए 30 किलो 185 ग्राम डोडा-चूरा जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। बरामद की डोडा-चूरा करीब पांच लाख रूपये का बताया है।

जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि पुलिस मुख्यालाल जयपुर द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव -2024 के मध्यनजर अवैध शराब अवैध मादक पदार्थ तस्करी एवं अवैध हथियारों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के मध्यनजर पुलिस थाना भवानीमंडी व आर.पी.एफ मण्डल कार्यालय कोटा के जाप्ता द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा की तस्करी करते हुये दो आरोपी तस्करो के कब्जे से 30 किलो 185 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोड़ा थुरा को जप्त की है।यह कार्यवाही चिरंजीलाल मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड के निर्देशन एवं प्रेमकुमार आरपीएस


**पुलिस थाना भवानीमंडी व आर.पी.एफ. मण्डल कार्यालय कोटा ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया।**

वृताधिकारी वृत भवानीमंडी के निकटतम सुपरविजन में रमेशचंद मीणा पुनि . थानाधिकारी थाना भवानीमंडी के नेतृत्व में टीम गठित कर थाना व आर.पी.एफ मण्डल कार्यालय कोटा के विरेन्द्र सिंह जादोन सउनि व अरुण कोशिक कानि द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुयें रेल्वे स्टेशन चौराहा कस्बा भवानीमंडी से मुलजिमान 01 सतपाल सिंह पुत्र अमरीक सिंह जाति सिक्ख उम्र 42 साल निवासी खेरी शराफाली पुलिस थाना असन्ध जिला करनाल ( हरियाणा ) 02 संदीप सिंह पुत्र बलविन्द्र सिंह जाति सिक्ख उम्र 32 साल निवासी मंडवाल पुलिस थाना राजोन्द जिला कैथल ( हरियाणा ) के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा 30 किलो 185 ग्राम बरामद की है।

# सरसों के कट्टे चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**निवाई,** (निसं)। पुलिस ने चोरी, नकबजनी, लूट व आर्म्स एक्ट के अपराधियों के धरपकड़ के दौरान एक अन्तर्राज्यीय नकबजन अपराधी व हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है।

■ **रिको एरिया में की थी सरसों के कट्टों की चोरी, आरोपी पुलिस थाना नरैना का है हिस्ट्रीशीटर**

थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशानुसार क्षेत्र में चोरी, नकबजनी, लूट व आर्म्स एक्ट के अपराधियों की धरपकड़ अभियान को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, पुलिस वृत्ताधिकारी मृत्युन्जय मिश्रा के सुपरविजन में पुलिस की विशेष टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी गोपाल निठारवाल पुत्र बोदूराम जाट निवासी ज्ञाना बाबा की ढाणी सामलपुरा थाना नरेना जिला जयपुर को जिला कारागृह से प्रोड्क्शन वारण्ट प्राप्त करके गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि परिवादी धर्मचन्द अग्रवाल पुत्र पदमचन्द जैन निवासी पुराना पुलिस थाना निवाई ने मामला दर्ज करवाया था कि झिलाय रोड पर स्थित रिको इण्स्ट्रीज एरिया में उनका सरसो का गोदाम है उक्त गोदाम में सरसों के कट्टे रखे हुए हैं। 16 जून 2023 को सुबह सात बजे उसके पास एक व्यक्ति का कॉल आया कि आपके गोदाम के शटर के ताले टूटे हुए हैं तथा बाहर सरसों बिखरी हुई है। सूचना पर वह गोदाम पर गया तो करीब 175 सरसों के कट्टे गायब थे। उसने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ गोदाम के ताले तोड़कर सरसों के कट्टे चुराकर ले जाने का मामला दर्ज करवाया।

पुलिस ने मामला दर्ज करके कार्यवाही करते हुए उक्त प्रकरण में पूर्व में चार आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से चोरी किए गए सरसों के 149 कट्टे बरामद किए। उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण में 5वां आरोपी निठारवाल को भी गिरफ्तार करके गहनता से पूछताछ की जा रही है। जिससे अन्य मामलों का खुलासा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि चारी के मामले में अनुसंधान जारी है।

# कांस्टेबल भर्ती में उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा के लिये आवेदन अवधि बढ़ाई

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस द्वारा कांस्टेबल भर्ती के लिए विज्ञापित 3578 पदों में से उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा के लिये रिजर्व दो प्रतिशत पदों के लिए आवेदन की अवधि बढ़ा दी गई है। इस श्रेणी के रिजर्व 56 पदों के लिए अब बुधवार, 3 अप्रैल से 23 अप्रैल तक आनलाइन आवेदन पत्र भरे जा सकेंगे। इसके लिए पुलिस विभाग द्वारा सक्षम स्तर पर अनुमति प्राप्त की गई है।

■ **पात्र अभ्यर्थी 3 से 23 अप्रेल 2024 तक कर सकेंगे आवेदन**

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड सचिन मित्तल ने बताया राजस्थान पुलिस विभाग द्वारा कांस्टेबल उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा भर्ती के लिए विज्ञापित 56 पदों के लिए पुलिस मुख्यालय की ओर से पूर्व में गत 13 मार्च को विज्ञिप्त जारी करते हुए 27 मार्च से 16 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करने की अवधि निर्धारित की गई थी। एडीजी मित्तल ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 की प्रभावी आचार संहिता के दौरान ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने की सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त होने के बाद अब पात्र आवेदनकर्ता बुधवार 3 अप्रैल से आगामी 23 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। एडीजी ने बताया कि पात्र आवेदक आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि के पश्चात 24 अप्रैल से 28 अप्रैल तक निर्धारित शुल्क 300 ऑनलाइन भुगतान कर आवेदन पत्र में संशोधन या त्रुटि सुधार कर सकेंगे। इसके लिए राजस्थान पुलिस की वेबसाइट पर लिंक उपलब्ध कराया जाएगा।

# बिजली के ट्रांसफार्मर की चपेट से दो मोर मरे

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे के श्रीरामनगर स्थित रामदेवजी के मन्दिर के समीप लगे बिजली के ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से दो राष्ट्रीय पक्षी (मोर) की मौत हो गयी।

इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने नगर पालिका के एसआई राकेश कुमार को दी। इसके बाद एस आई राकेश ने क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से संचालित संस्था वाइल्ड लाइफ करिएचर ऑर्गेनिजेशन के संस्थापक ओमप्रकश (पिंटी ) को सूचना दी। इस पर वन विभाग के अधिकारी श्याम शर्मा व वन रक्षक गोरीशंकर व कानाराम तथा संस्था के पिंटी ने मौके पर पहुंचकर मृत मोर को अपने कब्जे में लिया, ताकि प्रशासनिक व वैज्ञानिक तरीके से मोर को दफनाया जा सके।

इसी क्रम में पिंटी ने बताया कि इसी ट्रांसफार्मर से पूर्व में भी मोर घायल हो चुके हैं। इसके अलावा एक बन्दर की भी मौत हो चुकी है। करीब पांच दिन पूर्व जोबनेर रोड की स्थानीय निवासी उर्वशी शर्मा की सूचना पर हमारी संस्था के सदस्य मोहित शर्मा व जगदीश ने


**ट्रांसफार्मर की चपेट में आये मोर।**

एक मोर को कुत्ते के चंगुल से बचाया था। जिसे वन विभाग के श्याम शर्मा ने उपचार के बाद पीपली के बास स्थित नर्सरी में आजाद कर दिया था।

# ट्रक-बाइक की भिड़ंत में दो की मौत, एक घायल

## मुआवजे की मांग को लेकर लोगों ने सड़क पर जाम लगाया

**शाहपुरा/भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा रोड पर चौधरी पेट्रोल पंप के पास मंगलवार अपराह्न में हुई एक भीषण दुर्घटना में दो जनों की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे भीलवाड़ा रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार पंप के पास ही बाइक व ट्रक में हुई टक्कर से बाइक सवार ट्रक के पीछे के पहिए में आ गए जिससे दो जनों की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने जिला चिकित्सालय शाहपुरा पहुंचाया। वहां से उसकी हालत गंभीर होने पर भीलवाड़ा रेफर किया गया है। हादसे के बाद दौलतपुरा के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जाम लगा दिया। जाम लगने के कारण वाहनों की आवाजाही रुक गई। सूचना पर नगर परिषद सभापति रघुनंदन सोनी, शाहपुरा


**हादसे के बाद दौलतपुरा के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जाम लगा दिया।**

उपखंड अधिकारी निरमा विश्नोई पुलिस उपाधीक्षक रमेश चंद्र तिवारी और थाना प्रभारी महावीर प्रसाद शर्मा मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे व ग्रामीणों से समझाइश की। गम्भीर घायल छोटू कुमावत को भीलवाड़ा

■ **विधायक लालाराम बैरवा मौके पर पहुंचे तथा समझाइश कर सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन के बाद जाम खुलवाया**

रेफर किया गया है।

हादसे में रणजीत कुमावत निवासी दौलतपुरा, उगमा कुमावत निवासी अलोला की मौत हो गई। प्रदर्शनकारी जाम लगाकर मृतकों के परिजनों को सहायता राशि देने की मांग की। विधायक लालाराम बैरवा भी मौके पर पहुंचे तथा समझाइश कर सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन के बाद जाम खुलवाया। पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारी मोजूद रहे।

# मंजूला रोत भारतीय आदिवासी पार्टी में शामिल

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले में लगातार कांग्रस से विभिन्न दलों में जाने का सिलसिला इन दिनों जोरों पर है। इसी के चलते मंगलवार को डूंगरपुर पंचायत समिति में दो बार, झौंथरी पंचायत समिति में एक बार तथा चौरासी विधान सभा क्षेत्र से विधायक पद की उम्मीदवार रही मंजूला रोत ने भारतीय आदिवासी पार्टी का दामन थाम लिया। जिसको लेकर सोशल मीडिया पर खूब चर्चा रही।





मैं घरेलू क्रिकेट में ऐसी ही परिस्थितियों में बल्लेबाजी करता हूं। जॉस बटलर के आउट होने के बाद रविचंद्रन अश्विन भी आउट हो गए थे।
-रियान पराग

राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज, अपनी बल्लेबाजी को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत



**आज का खिलाड़ी**



## किशोर जेना

**ओलंपिक** का टिकट पक्का कर चुके भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को अपनी मानसिकता में सुधार कर यह सोचने की जरूरत है कि वे किसी ने कम नहीं है क्योंकि देश में एथलीटों के लिए सुविधाएं और फंडिंग कभी भी इतनी बेहतर नहीं थी। जेनाने टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के समर्थन से पांच फरवरी से 10 मार्च तक गोल्ड कोस्ट में 35-दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लिया। उन्होंने कहा कि गोल्ड कोस्ट में प्रशिक्षण के अनुकूल मौसम के अलावा ऐसा कुछ भी नहीं था जो भारत में नहीं मिले।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था।

## टी-20 टूर्नामेंट की फिर से हो सकती है शुरुआत

**मुंबई, 2 अप्रेल।** भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड दस साल पहले बंद हो चुकी चैम्पियंस लीग क्लब टी20 चैम्पियनशिप को फिर शुरू करने के लिये आपस में बातचीत कर रहे हैं। आखिरी बार चैम्पियंस टी20 लीग का आयोजन 2014 में हुआ था जब चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। उस समय भारत से तीन, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से दो दो और पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड से एक एक टीम ने इसमें भाग लिया था। चैम्पियंस लीग में 2009 . 10 और 2014 . 15 के बीच छह सत्र खेले गए जिनमें से चार भारत में और दो दक्षिण अफ्रीका में हुए। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने दो बार खिताब जीता जबकि आस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सर्स ने एक एक बार खिताब जीता। क्रिकेट विक्टोरिया के सीईओ निक कमिंस ने कहा कि अति व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर में इसके लिये विंडो बनाना सबसे बड़ी चुनौती है।

## डेविड वॉर्नर ने लगाई हनुमान की फोटो, लोग बोले- इन्हें भारतीय नागरिकता दो

**नई दिल्ली, 2 अप्रेल।** डेविड वॉर्नर ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पर हनुमान की फोटो लगाई। देखते ही देखते इस ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर कोतमाम तरह के सुझाव मिलने लगे। किसी ने कहा कि अब इन्हें भारतीय नागरिकता दिला दी जाए। वहीं, एक शख्स ने तो वॉर्नर को अपना नाम बदलकर पंडित द्रविंद्र वॉर्नर रखने के लिए भी बोल दिया। डेविड वॉर्नर इन दिनों वाइजैग में हैं। उन्होंने हनुमान की फोटो के साथ कैप्शन लिखा कि आज शहर घूम रहा हूं। इसके साथ हैशटैग दिया, जय हनुमान। देखते ही देखते वॉर्नर की यह पोस्ट वायरल हो गई। डेविड वॉर्नर की पोस्ट को साढ़े तीन लाख लोगों ने लाइक किया है और 10 हजार से ज्यादा लोगों ने इस पर कमेंट किया है। एक यूजर ने कमेंट किया है कि आप हमारे हनु-मैन हो डेविड वॉर्नर। वहीं, किसी किसी यूजर ने जय बजरंग बली तो किसी ने जय सियाराम लिखा है। एक यूजर ने लिखा कि अब तो इनका आधार कार्ड बन जाना चाहिए। वहीं, एक शख्स ने डेविड को सनातनी वॉर्नर बता डाला।

## पारिवारिक कारणों से दिनेश चांदीमल ने चटगांव टेस्ट बीच में छोड़ा

**चटगांव, 2 अप्रेल।** पारिवारिक चिकित्सीय आपतस्थिति के कारण श्रीलंका के बल्लेबाज दिनेश चांदीमल टेस्ट मैच के चौथे दिन स्वदेश लौटना पड़ा है। मैच के तीसरे दिन चांदीमल आउट हो गए थे। ऐसे में श्रीलंकाई टीम उनकी जगह पर किसी स्थानपन्न क्षेत्ररक्षक के साथ मैदान में उतरेगी। चांदीमल ने पहली पारी में अर्धशतक बनाया था वहीं दूसरी पारी में नौ रन पर आउट हो गये थे। श्रीलंका क्रिकेट ने अपने बयान में कहा, वह तत्काल प्रभाव से घर लौटेंगे। इस मुश्किल घड़ी में श्रीलंका क्रिकेट, टीम के तमाम खिलाड़ी और स्पोर्टिंग स्टाफ सभी चांदीमल के साथ खड़े हैं। हम लोगों से उनके परिवार की निजता का सम्मान करने का आग्रह करते हैं। मैच के चौथे दिन आज श्रीलंका ने सात विकेट पर 157 रन पर पारी घोषित कर दी है। और पहली पारी के आधार पर श्रीलंका की कुल बढत 510 हो गई है। बंगलादेश को यह टेस्ट मैच जीतने के लिए 511 रन बनाने है। बंगलादेश की टीम दूसरी पारी में चौथे दिन 83 रन पर दो विकेट गवां कर संघर्ष कर रही है। दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में श्रीलंका इस समय 1-0 से आगे है।

## विषम परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने की आदत है : पराग

**मुंबई, 2 अप्रेल।** राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रियान पराग ने कहा कि उन्हें विषम परिस्थितियों में बल्लेबाजी आदत है और वह घरेलू क्रिकेट में ऐसा लगातार करते आ रहे है। मुंबई इंडियंस को कल छह विकेट से हराने के बाद पराग ने कहा, मैं घरेलू क्रिकेट में ऐसी ही परिस्थितियों में बल्लेबाजी करता हूं। इसके बाद मैंने यही सोचा कि यह कुछ ऐसा है जो मैं घरेलू क्रिकेट में पिछले छह महीने से करते आ रहा हूं। सोमवार को राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हराकर इस सत्र में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इस मैच में रियान पराग ऐसे समय बल्लेबाजी करने आए जब 126 का पीछा करने उतरी राजस्थान ने 26 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए थे। पराग ने 39 गेंदों पर नाबाद 54 रनों की पारी खेली।

# लखनऊ की लगातार दूसरी जीत



## बेंगलुरु को 28 रन से हराया

नई दिल्ली, 2 अप्रेल। लखनऊ सुपरजायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 में लगातार दूसरी जीत हासिल की। टीम ने मौजूदा सीजन के 15वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 28 रन से हराया। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मंगलवार को लखनऊ ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 181 रन बनाए। होमग्राउंड पर बेंगलुरु की टीम 19.4 ओवर में 153 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। से मयंक यादव ने 3 विकेट लिए। क्विंटन डी कॉक ने 56 बॉल पर 81 रन बनाए। निकोलस पूरन ने 40, मार्कस स्टोयनिस ने 24 और कप्तान केएल राहुल ने 20 रन बनाए। टूर्नामेंट में रॉयल चैलेंजर्स की बेंगलुरु की यह तीसरी हार है। टीम को इससे पहले चेन्नई और कोलकाता से भी हार का सामना करना पड़ा था। बेंगलुरु को एकमात्र जीत पंजाब के खिलाफ मिली। दूसरी ओर लखनऊ ने इससे पहले पंजाब को हराया था, वहीं पहले मैच में टीम को राजस्थान के खिलाफ हार मिली थी।

# भारत जूनियर कोच ने अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजों के साथ अभ्यास शिविर की मांग की



रोहतक, 2 अप्रेल। राष्ट्रीय जूनियर महिला मुक्केबाजी कोच गीता चानू का मानना है कि भारत में खेल के विकास के लिये अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों के साथ एक महीने का अभ्यास शिविर लगाया जाना चाहिये। चानू ने कहा कि उजबेकिस्तान और कजाखस्तान जैसे देश इस खेल में महाशक्ति इसलिये बन सके हैं क्योंकि इनमें संबंधित बोर्ड के बीच आपस में समन्वय है।

चानू ने कहा ,'' उजबेकिस्तान और कजाखस्तान के मुक्केबाजों के पास दमखम के साथ आत्मविश्वास भी है। उजबेकिस्तान, कजाखस्तान और तुर्कमेनिस्तान जैसे देश विभिन्न आयुवर्ग के लिये साथ में अभ्यास और प्रतिस्पर्धा शिविर लगाते हैं। इससे कम उम्र में ही उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने जैसा अनुभव मिल जाता है।

उन्होंने कहा,'' हमारे खिलाड़ी बहु राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में ही अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों का सामना करते हैं।'' भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने यहां जूनियर लड़के और लड़कियों के लिये भारतीय खेल प्राधिकरण की जूनियर मुक्केबाजी अकादमी में शिविर का आयोजन किया था।

# फुटबॉल महासंघ ने दीपक शर्मा को सस्पेंड किया

नई दिल्ली, 2 अप्रेल। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने दो दिन की ढिलाई के बाद आखिरकार मंगलवार को कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को आगामी सूचना तक निलंबित कर दिया। शर्मा पर गोवा में दो महिला खिलाड़ियों के साथ कथित तौर पर मारपीट का आरोप है। इंडियन विमेंस फुटबॉल लीग सेकंड डिविजन में भाग लेने गई हिमाचल प्रदेश स्थित खाड एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने आरोप लगाया था कि क्लब के मालिक शर्मा 28 मार्च की रात उनके कमरे में घुस गए और उन्हें पीटा।

शनिवार को एआईएफएफ ने शर्मा को जांच पूरी होने तक फुटबॉल संबंधित गतिविधियों से दूर रहने को कहा था। शर्मा को गोवा पुलिस ने गिरफ्तार किया था लेकिन बाद में जमानत पर छोड़ दिया। एआईएफएफ ने एक विज्ञिप्त में कहा ,'' एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने दीपक शर्मा को आगामी सूचना तक फुटबॉल संबंधित सभी गतिविधियों से निलंबित करने का फैसला किया है।''

इससे पहले एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे , उपाध्यक्ष एन ए हैरिस और कोषाध्यक्ष किपा अजय ने सोमवार को शर्मा के खिलाफ खिलाड़ियों की शिकायतों पर गौर किया. जिसके बाद एआईएफएफ के सदस्य संघों की बैठक बुलाई गई। बैठक में शर्मा का पक्ष सुनने के बाद उन्हें बैठक से जाने के लिये कहा गया। शिकायत में महिला खिलाड़ियों ने कहा था कि शर्मा नशे की हालत में थे और अब उन्हें जान का खतरा लग रहा है। खेल मंत्री अनुराग ग्रकुर ने भी एआईएफएफ से तुरंत और कड़ी कार्रवाई करने के लिये कहा था।

# हार के बाद मायूस दिखे हार्दिक पंड्या, कहा- मेरे विकेट ने पूरे खेल को बदला

विशाखापटनम, 2 अप्रेल। मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह विकेट की हार के बाद स्वीकार किया कि उनके विकेट ने अंतर पैदा किया और वह बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। मुंबई के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने रियान पराग (39 गेंद में नाबाद 54 रन, पांच चौके, तीन छक्के) के अर्धशतक से 15.3 ओवर में ही चार विकेट पर 127 रन बनाकर जीत दर्ज की। मुंबई की यह लगातार तीसरी हार है और उसे अब भी पहली जीत का इंतजार है।

इससे पहले युजवेंद्र चहल (11 रन पर तीन विकेट) और ट्रेंट बोल्ट (22 रन पर तीन विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने मुंबई की टीम नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर



ने भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए। कप्तान हार्दिक पंड्या (34) और तिलक वर्मा (32) को छोड़कर मुंबई का कोई बल्लेबाज क्रीज पर पर्याप्त समय नहीं बिता पाया। हार्दिक ने मैच के बाद कहा, ''हमने उस तरह से शुरुआत नहीं की जैसी हम चाहते थे। मुझे लगता है कि हम 150 या 160 रन तक पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में थे लेकिन मुझे लगता है कि मेरे विकेट ने खेल बदल दिया और उन्हें मैच में बेहतर स्थिति में ला दिया। मुझे लगता है कि मैं बेहतर कर सकता था।

## आज ही के दिन टीम इंडिया बनी थी वनडे विश्व विजेता

नई दिल्ली, 2 अप्रेल। साल 2011, जगह मुंबई वानखेड़े स्टेडियम.. वो एतिहासिक दिन जब भारतीय क्रिकेट टीम ने 28 साल के लंबे इंतजार के बाद इतिहास रचा। आज ही के दिन 2 अप्रैल, भारतीय टीम वनडे की वर्ल्ड कप विजेता बनी थी। एमएस धोनी की कप्तानी में भारत ने श्रीलंका को फाइनल में 6 विकेट से मात देकर खिताब हासिल किया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 274 रन बनाए थे, जिसके जवाब में भारतीय टीम ने 48.2 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लिया था। कप्तान एमएस धोनी ने छक्का लगाकर टीम इंडिया को चैंपियन बनाया था। उनका वो छक्का शायद ही कोई क्रिकेट फैन भूला होगा। उस दौरान धोनी ही मैच के हीरो भी चुने गए थे। उन्होंने 79 गेंद में नाबाद 91 रन बनाए थे। जबकि गौतम गंभीर ने 97 रन बेहतरीन और अहम पारी खेली थी। भारत 1983 के बाद यानी 28 साल बाद वर्ल्ड चैंपियन बना था।

# ओलंपिक की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना हुई भारतीय हॉकी टीम



नई दिल्ली, 2 अप्रेल। भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये छह अप्रैल से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलने आस्ट्रेलिया रवाना हो गई। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम सोमवार की रात रवाना हुई। भारतीय टीम ने हाल ही में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग के चार में से तीन मैच जीते थे। छह अप्रैल को पहले मैच के बाद सात, 10, 12 और 13 अप्रैल को मैच होने हैं। हरमनप्रीत ने रवानगी से पहले कहा ,'' इस दौरे को लेकर हम काफी उत्साहित हैं। इससे हमें पेरिस ओलंपिक से पहली अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा और सुधार का मौका भी मिलेगा।'' उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा ,'' हम अपने कौशल और रणनीति को निखारने के लिये एक टीम के रूप में काफी मेहनत कर रहे हैं। हमें अपनी क्षमता पर भरोसा है। हमें यकीन है कि प्रदर्शन अच्छा होगा।''

**भारतीय टीम :** गोलकीपर : कृशन बहादुर पाठक, पी आर श्रीजेश, सूरज करकेरा, **डिफेंडर :** हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, आमिर अली, **मिडफील्डर :** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, नीलाकांता शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह, **फॉरवर्ड :** आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, बॉबी सिंह धामी, अराइजीत सिंह हुंडल।

## जेवलिन थ्रोअर किशोर जेना ने कहा- भारत में सब कुछ है, बस भरोसा करने की जरूरत

नई दिल्ली, 2 अप्रेल। ओलंपिक का टिकट पक्का कर चुके भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को अपनी मानसिकता में सुधार कर यह सोचने की जरूरत है कि वे किसी ने कम नहीं है क्योंकि देश में एथलीटों के लिए सुविधाएं और फंडिंग कभी भी इतनी बेहतर नहीं थी।

जेनाने टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के समर्थन से पांच फरवरी से 10 मार्च तक गोल्ड कोस्ट में 35-दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लिया। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से बात करते कहा कि गोल्ड कोस्ट में प्रशिक्षण के अनुकूल मौसम के अलावा ऐसा कुछ भी नहीं था जो भारत में नहीं मिले। जेना ने कहा, '' हमारे पास यहां सब कुछ है, मैंने एनआईएस पटियाला में प्रशिक्षण लिया जहां सुविधाएं विश्व स्तरीय और ऑस्ट्रेलिया जितनी अच्छी हैं। खेल मंत्रालय, साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) द्वारा मेरी बहुत अच्छी देखभाल की गई है, टॉप्स से वित्तीय मदद मिल रही है।''

ओडिशा में पुरी के पास कोग्रसाही गांव के किसान के सात बच्चों में से सबसे छोटे जेना ने साइ द्वारा आयोजित साक्षात्कार में कहा, '' कमी है तो हम में (एथलीटों में), हमारी मानसिकता में, इस मानसिकता में कि हम दुनिया में किसी भी अन्य की तरह अच्छे हैं। हम हालांकि इस मोर्चे पर भी सुधार कर रहे हैं।'' उनका लक्ष्य आगामी पेरिस ओलंपिक में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। एशियाई खेलों के रजत पदक को लगता है कि वह डायमंड लीग में शीर्ष तीन में जगह बनाकर भारतीयों के विशिष्ठ क्लब में शामिल हो सकते हैं।

जेना ने पिछले साल अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 78.05 मीटर से बढ़ाकर 87.54 मीटर (एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाला प्रदर्शन) किया था।

# ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने बांग्लादेश को 65 रन से हराया

मीरपुर, 2 अप्रेल। जॉर्जिया वेयरहम 57 रनों की अर्धशतकीय और ग्रेस हैरिस के 43 रनों की शानदार पारियों के बाद एश्ली गार्डनर और सोफी मोलिन्यू की घातक गेंदबाजी के दम पर दूसरे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने बंगलादेश को 54 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज 2-0 से बढ़त बना ली है।

बंगलादेश की टीम 168 रनों के लक्ष्य पीछा करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 103 रन ही बना सकी और मुकाबला 54 रन से हार गई। बंगलादेश की सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर ने टीम के लिए 25 गेंदों में सर्वाधिक 27 रन बनाये। शोरना अख्तर ने 17 गेंदों में 21 रनों की पारी खेली। फातिमा खातून 15 रन बनाकर आउट हुई राबेया खान 14 रन नाबाद रही। उसके सात बल्लेबाजों का स्कोर दहाई अंक से कम रहा। एश्ली गार्डनर ने 17 रन देकर तीन विकेट और सोफी मोलिन्यू ने 10 रन देकर तीन विकेट झटके।

मेगन शूट ने दो बल्लेबाजों को आउट किया और जॉर्जिया वेयरहम को एक विकेट मिला। आज यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉर्जिया वेयरहम की 30 गेंदों में 57 रनों की अर्धशतकीय और ग्रेस हैरिस की 34 गेंदों में 43 रनों की शानदार पारियों के दम पर आठ विकेट पर 168 रन का स्कोर खड़ा किया था। एलिस पेरी ने 22 गेंदों में 29 रन और तालिया मैक्ग्रा 19 रनों की पारी खेली। उसके पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके थे। बंगलादेश की ओर से फरीहा तृस्ना ने चार विकेट लिये। नाहिदा अख्तर और फहिमा खातून ने दो-दो विकेट लिये।

## पता ही नहीं था कि इतनी तेज गेंद फेंकता हूं : मयंक

नई दिल्ली, 2 अप्रेल। । मयंक यादव इस सीजन में आते ही अपनी रफ्तार से छा गए हैं। अपने ही पहले मैच में मयंक ने करीब 156 किमी प्रति घंटे की गति से देश और दुनिया में फैन बना लिए हैं। इस बीच मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से लेकर पसंदीदा खिलाड़ी के बारे में कई राज खोले हैं। बता दें कि यह तेज गेंदबाज इस सीजन में लखनऊ सुपरजायंट्स की तरफ खेल रहा है। पंजाब के खिलाफ मैच में मयंक ने जॉनी बेयरेस्टो और शिखर धवन जैसे दिग्गजों के सामने शानदार गेंदबाजी की है। मयंक यादव ने अपने जीवन के कुछ अनछुए पहलुओं पर बात की है। ईएसपीएन क्रिकइंफो हिंदी के साथ बातचीत में मयंक ने कहा कि उन्हें पता ही नहीं था कि वह इतनी तेज गेंद फेंकते हैं। मयंक को अपनी रफ्तार के बारे में पहली बार 14 साल की उम्र में पता चला। मयंक ने बताया कि वह सॉनेट क्लब में प्रैक्टिस करने गए थे। इस दौरान कोच तारक सिन्हा ने उन्हें अपने हमउम्र क्रिकेटरों को बॉल डालने के लिए कहा। एलएसजी की तरफ से खेल रहे इस तेज गेंदबाज ने बताया कि मेरी स्पीड से वहां पर बैटिंग कर रहे लड़कों को परेशानी हो रही थी। इसके बाद मेरे कोच ने कहा कि तुम्हारी गेंद में तेजी ज्यादा है। तुम सीनियर एज ठ्ठुप के लड़कों को गेंद डालो। इस प्वॉइंट पर मयंक को अहसास हुआ कि यह उनकी खासियत है। इसी बातचीत के दौरान मयंक ने बताया कि वह विराट कोहली को बहुत ज्यादा पसंद करते हैं।

# बांग्लादेश के खिलाफ जीत की दहलीज पर श्रीलंका



चटगांव, 2 अप्रेल। श्रीलंका ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे बांग्लादेश का स्कोर मंगलवार को सात विकेट पर 268 रन करके दूसरे टेस्ट में जीत और सीरीज में सूपड़ा साफ करने की ओर कदम बढ़ाए। तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा, बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या और कामचलाऊ गेंदबाज कामिंदु मेंडिस ने दो-दो विकेट चटकाकर दूसरे टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। दिन का खेल खत्म होने पर मेहदी हसन 49 गेंद में सात चौकों की मदद से 44 जबकि ताइजुल इस्लाम 10 रन बनाकर खेल रहे थे। बांग्लादेश की टीम को जीत के लिए अब भी 243 रन की दरकार है और उसकी हार लगभग तय नजर आ रही है। मेजबान टीम के लिए मोमीनुल हक (50) ने सीरीज का अपना दूसरा अर्धशतक जड़ा और टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने 56 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके और एक छक्का मारा। इससे पहले श्रीलंका ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में छह विकेट पर 102 रन से की। एंजेलो मैथ्यूज (56) ने 39 रन से आगे खेलते हुए श्रृंखला का अपना पहला और करियर का 41वां अर्धशतक जड़ा।

## आईपीएल की चार टीमों का बिसलरी बना हाइड्रेशन पार्टनर

नई दिल्ली, 2 अप्रेल। देश के प्रमुख बोतलबंद पीने का पानी, बिसलरी इंटरनेशनल ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटन्स, मुंबई इंडियन्स, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के साथ हाइड्रेशन पार्टनर के रूप में साझेदारी की घोषणा की। कंपनी के सेल्स एंड मार्केटिंग निदेशक तुषार मल्होत्रा ने कहा पांच जानी-मानी क्रिकेट फ्रेंचाइजी के साथ क्रिकेट के इस मौसम में प्रवेश करते हुए हम बेहद खुश हैं। बिसलेरी हैशडिंक्रइटअप के तहत हम एक मार्केटिंग कैम्पेन शुरू करने वाले हैं। इसमें हमारे साझेदार टीमों के खिलाड़ियों की तस्वीरों वाला सीमित-एडिशन पैक दिखाया जाएगा। इन-स्टेडियम ब्राण्डिंग, प्रोडक्ट अनुभव और शानदार एक्सपेरिएंशल चीजों के साथ ग्राहकों को एक शानदार अनुभव भी प्रदान करने वाले हैं।'' तुषार ने बताया, इसके बाद हम अपनी साझेदार टीमों और इंफ्लूएंसर्स को दर्शाते हुए रोचक डिजिटल कंटेंट भी पेश करेंगे। इसके साथ ही ग्राहकों के लिए कॉन्टेस्ट भी आयोजित किए जाएंगे। हमारे बिसलरी ट्रक पूरे देशभर में घूमेंगे और उन पर हमारे कैम्पेन प्रदर्शित होंगे। उत्साह को और बढ़ाने के लिए हम अपने रिटेल साझेदारों को पीओएसएम सामग्री भी भेजेंगे। साथ ही जबर्दस्त मीडिया साझेदारी के लिए स्टार स्पोर्ट्स के साथ भी गठबंधन करेंगे और अपने नए टीवी विज्ञापन कैम्पेन का प्रसार करने का काम करेंगे।



पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने मंगलवार को जोधपुर में कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार करण सिंह उचियारड़ा के समर्थन में आमसभा को संबोधित किया। इस मौके पर पायलट ने एक प्रमुख बात कही जिसके कई राजनीतिक मायने निकाले जा सकते हैं, पायलट ने कहा कि, यह चुनाव किसी एक व्यक्ति विशेष का नहीं है।

# यह चुनाव किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, देश के भविष्य का है: सचिन पायलट

## पायलट ने जोधपुर में कांग्रेस सांसद प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा के समर्थन में आमसभा को संबोधित किया

जयपुर/जोधपुर, 2 अप्रेल। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने मंगलवार को जोधपुर के उम्मेद स्टेडियम में कांग्रेस सांसद प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा के समर्थन में आमसभा को संबोधित किया। पायलट ने आमजन को आव्हान करते हुए कहा कि, "लोकसभा का यह चुनाव किसी व्यक्ति विशेष का नहीं है, ना ही यह प्रदेश का है, बल्कि देश के भविष्य का है। हमारे जनतंत्र-गणतंत्र तथा वर्तमान-भविष्य के इस चुनाव को आमजन भी गंभीरता से लें।"

**■ पायलट 3 अप्रैल को बाड़मेर-जैसलमेर और टोंक-सवाईमाधोपुर पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल और हरीश चंद्र मीणा के समर्थन में भी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।**

सचिन पायलट ने दावा किया कि इस बार लोकसभा चुनाव परिणाम चौंकाने वाले होंगे, क्योंकि जनता विकास और प्रगति चाहती है, इसका असर चुनाव परिणामों में देखने को मिलेगा। आमजन भाजपा के एजेंडे और रणनीति को समझ चुकी है। पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि चुनाव पहले भी होते थे, सरकारें पहले भी बनती थीं, लेकिन आज 147 सांसदों को बर्खास्त कर पीछे के रास्ते से कानून बनाए जा रहे हैं। भाजपा साजिश के तहत कांग्रेस, एन.एस.यू.आई. और यूथ कांग्रेस के खातों को सीज कर रही है। ये निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है कि चुनाव के वक्त सभी को बराबर का मौका मिले।

इस आमसभा को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, जोधपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा, कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पूर्व सांसद भंवर जितेन्द्र सिंह समेत कई नेताओं ने संबोधित किया।

सूत्रों का कहना है कि सचिन पायलट 3 अप्रेल को लोकसभा क्षेत्र बाड़मेर-जैसलमेर और टोंक-सवाई माधोपुर में पहुंचेंगे। सुबह 11 बजे बाड़मेर जिला मुख्यालय पर आदर्श स्टेडियम में कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे टोंक स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में कांग्रेस सांसद प्रत्याशी हरीश चंद्र मीणा के समर्थन में भी चुनावी सभा कर आमजन से कांग्रेस के पक्ष में वोट मांगेंगे।

# राजस्थान पुलिस अकादमी से 15 प्रशिक्षु सब इंस्पैक्टर और हिरासत में लिए एस.ओ.जी. ने

## हिरासत में लिए प्रशिक्षु एस.आई. में 2 महिला और 13 पुरूष शामिल हैं

जयपुर, 2 अप्रेल। एस.आई. भर्ती परीक्षा 2021 में पेपर लीक और डमी कैंडिडेट के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एस.ओ.जी.) की टीम एक बार फिर सक्रिय हो गई है। एस.ओ.जी. ने मंगलवार को राजस्थान पुलिस अकादमी से 15 और प्रशिक्षु एस.आई. को पूछताछ के बाद हिरासत में लिया है।

एस.ओ.जी. के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी.के. सिंह ने बताया कि, एस.आई. भर्ती परीक्षा 2021 में डमी अभ्यर्थी बैठाने व परीक्षा से पहले पेपर लेने के मामले में की बड़ी संख्या में शिकायतें एस.ओ.जी. को मिली थी। इसी मामले में एस.ओ.जी. पहले से अनुसंधान कर रही है। शिकायतों की जांच व पेपर लीक गिरोह से मिले इनपुट के बाद इन सभी मंगलवार को 15 प्रशिक्षु एस.आई. को हिरासत में लिया गया है।

उन्होंने बताया कि, मामले में एस.ओ.जी. की टीम मंगलवार सुबह करीब 9.30 बजे राजस्थान पुलिस अकादमी पहुंची। टीम ने तीन घंटे तक प्रशिक्षु एस.आई. से पूछताछ की। इसके बाद 15 एस.आई. को डिटेन किया गया है। इनमें 2 महिला और 13 पुरुष सब इंस्पेक्टर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि, डमी अभ्यर्थी बैठाकर एस.आई. बनने व परीक्षा से पहले पेपर लेने के सबूत जिनके खिलाफ मिलेंगे, उनको गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, अनुसंधान में जैसे-जैसे सबूत मिलेंगे, उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**■ एस.आई. भर्ती परीक्षा 2021 में हुए पेपर लीक और फर्जीवाड़े की मांग कर रही एस.ओ.जी. की टीम सभी आरोपियों को मुख्यालय लाकर पूछताछ करने में जुटी है।**

सूत्रों के अनुसार, एस.ओ.जी. को आर.पी.ए. पहुंचने पर पता चला कि, प्रशिक्षु एस.आई. की क्लास चल रही है। एस.ओ.जी. क्लास में पहुंची और सूची में से नाम देखकर उन्हें बस में बैठने के निर्देश दिए। सूत्रों के मुताबिक कुछ एस.आई. ने क्लास चलने का हवाला दिया तो टीम ने कहा कि, हो ट्रेनिंग पूरी हो गई। अब एस.ओ.जी. मुख्यालय में कार्रवाई होगी। हिरासत में लिए गए 15 एस.आई. में अधिकांश परीक्षा की मैरिट सूची में शामिल हैं।

गौरतलब है कि, जयपुर के हसनपुरा स्थित परीक्षा केंद्र रविंद्र बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल से एस.आई. भर्ती परीक्षा-2021 का पेपर लीक हुआ था। एस.ओ.जी. ने मामले में पहले ही 17 प्रशिक्षु थानेदारों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें 9 महिला थानेदार शामिल हैं। पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार हुए अशोक सिंह नाथावत व राजेन्द्र यादव का भी एस.आई. भर्ती परीक्षा में चयन हुआ था, लेकिन दोनों ने प्रशिक्षण लेने के लिए पहुंचे ही नहीं थे। एसआई भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामला उजागर होने से पहले राजेन्द्र यादव को कनिष्ठ अभियंता पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किया गया था। आरोपी अशोक को वरिष्ठ अध्यापक पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किया गया था। जांच एजेंसी को पूर्व में गिरफ्तार प्रशिक्षु एस.आई. से कई अहम जानकारी मिली थी। इसमें सामने आया है कि आर.पी.ए. में ट्रेनिंग कर रहे कई और प्रशिक्षु एस.आई. ने परीक्षा में अपनी जगह डमी कैंडिडेट बैठाए थे।

एस.ओ.जी. ने रिमांड के दौरान सभी ट्रेनी एस.आई. की डमी परीक्षा ली थी। ट्रेनी एस.आई. को वही पेपर हल करने के लिए दिया था, जो साल 2021 की परीक्षा में आया था। इस दौरान 17 ट्रेनी एसआई 20 प्रतिशत भी पेपर हल नहीं कर पाए। वहीं, 400 ट्रेनी एस.आई. 50 प्रतिशत प्रश्नों का उत्तर नहीं दे पाए थे।

### भाजपा सांसद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रकाश ने कहा, अजय ने बिना किसी शर्त के कांग्रेस जॉइन की है। वह बिहार में तीसरे सांसद हैं, जिन्होंने कांग्रेस जॉइन की है।

अन्य जिन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है उनमें पप्पू यादव शामिल हैं जो गुरूवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

### आप नेता ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दी जाती है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपनी गिरफ्तारी और मनी लॉन्डरिंग केस में हिरासत को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

### साठ साल पुराना ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्थिति पैदा कर रहा है। सुप्रिया ने शरद पवार की विकास की विरासत को जारी रखा है, जबकि, सुनेत्रा ने सामाजिक व शिक्षा के क्षेत्र में पवार परिवार की विरासत को जीवित रखा है। उन्होंने विद्या प्रतिष्ठान जैसे इन्स्टिट्यूट तथा टैक्स्टाइल पार्क जैसे अन्य प्रोजैक्ट स्थापित किए हैं। उन्नीस सौ साठ के दशक और वर्तमान समय में अंतर यह है कि, इस बार परिवार ऊपर से नीचे तक विभाजित हो गया है। तथापि, वर्तमान परिस्थिति में अजित पवार अपने परिवार के अंदर अलग-थलग पड़ गए हैं, उनके छोटे भाई भी शरद पवार कैंप में चले गए हैं। बारामती सीट को लेकर वर्तमान में जो राजनीतिक संघर्ष है, वो उस युग के बिल्कुल विपरीत है जब शरद पवार अपने भाई की महत्वाकांक्षाओं से जूझ रहे थे। अजित पवार के वर्तमान रुख ने एक ऐसी स्थिति पैदा कर दी है, जिसमें 64 वर्ष पूर्व का युद्धक्षेत्र व परिदृश्य पुनः सृजित हो गया है और जिसने पवार परिवार में और बड़ी खाइयाँ पैदा कर दी हैं।

### शांति धारीवाल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उनके बेटे को विधानसभा चुनाव में टिकट देने का भी मजबूत आश्वासन दिया गया है। चर्चा है कि शांति धारीवाल अपनी बहू के इस राजनैतिक निर्णय के खिलाफ हैं।

### 'एक तरफ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दी है, उनके लिए पेंशन योजना बनाई है। भाजपा सरकार देश के 80 करोड़ जरूरतमंदों को मुफ्त राशन दे रही है। इतना ही नहीं, भाजपा सरकार पहले निर्णय कर चुकी है कि आने वाले 5 सालों तक मुफ्त राशन मिलता रहेगा।

गरीब के घर का चूल्हा बुझने नहीं देंगे। कोई भी भूखे पेट नहीं रहेगा, किसी बच्चे के भूखा सोने की नौबत नहीं आएगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी सभा को संबोधित किया और कहा कि, कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन कभी गरीब का उत्थान नहीं हुआ। देश में अगर गरीबों का उत्थान हुआ, देश में गरीब का कल्याण हुआ तो 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में हुआ है।

पीएम मोदी के नेतृत्व में आज देश का विश्व स्तर पर स्वाभिमान बढ़ा है। अगर कहीं गारंटी की भी गारंटी है तो वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है।

भजनलाल ने कहा कि हमारी सरकार को 3 महीने कुछ दिन हुए हैं, लेकिन हमने 45 फीसदी वादे पूरे किए।

# सुरक्षाबलों की कार्रवाई में छत्तीसगढ़ में 10 नक्सलियों की मौत

## इस घटना के बाद छत्तीसगढ़ में हुये तीन साल पुराने एक बड़े एनकाउंटर को याद किया जा रहा है, जिसमें 22 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए थे

रायपुर, 2 अप्रेल। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में अब तक 10 नक्सली मारे जा चुके हैं। इस घटना के बाद तीन साल पुराने एक बड़े एनकाउंटर को याद किया जा रहा है जिसमें 22 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए थे। दरअसल, 3 अप्रैल 2021 को बीजापुर और सुकमा की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन लॉन्च किया गया था। कोबरा 210 बटालियन व जिला बल के जवान इस ऑपरेशन से वापस लौट रहे थे। अचानक टेकलगुड़ा गांव में नक्सलियों ने जवानों ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। नक्सलियों के इस हमले में कोबरा 210 बटालियन व जिला पुलिस के 22 जवान शहीद हो गए थे।

**■ 3 अप्रेल 2021 को कोबरा-210 बटालियन व जिला पुलिस बल के जवान एक नक्सली ऑपरेशन से वापस लौट रहे थे। लेकिन, अचानक रास्ते में टेकलगुड़ा गांव में नक्सलियों ने जवानों पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। नक्सलियों के इस हमले में कोबरा-210 बटालियन व जिला पुलिस के 22 जवान शहीद हो गए थे।**

साल 2021 से पहले कोबरा बटालियन को इतना बड़ा नुकसान पहले कभी बस्तर में नहीं हुआ था। इस नुकसान के बाद नक्सलियों का मनोबल आसमान में पहुंच गया क्योंकि नक्सलियों के खिलाफ कोबरा बटालियन को सबसे मजबूत फोर्स माना जाता है।

इस घटना के बाद से बस्तर में पूरी तरह से अघोषित रूप से नक्सलियों के खिलाफ बड़े ऑपरेशन में रोक लगा दिया गया था। इस दौरान कोबरा बटालियन व जिला बल ने नक्सलियों के खिलाफ छोटे-छोटे ऑपरेशन लॉन्च कर जवानों का मनोबल बढ़ाया। सुरक्षाकर्मियों ने बस्तर में जमकर पसीना बहाया। तीन साल पूरा होने से एक दिन पहले सुरक्षाबलों ने एक बड़े एनकाउंटर को अंजाम दिया। अब तक इस मुठभेड़ में 10 नक्सलियों की मौत हो गई है।

कोबरा 210 बटालियन व डीआरजी के जवानों ने अपने शहीद साथियों का बदला नक्सलियों से बिलकुल उसी अंदाज में लिया जिसके लिए कोबरा बटालियन व डीआरजी के जवान जाने जाते हैं। अब तक कोबरा की 210 बटालियन व डीआरजी के संयुक्त बल के जवानों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया है।

# पूर्व प्र.मंत्री मनमोहन सिंह आज राज्यसभा से रिटायर होंगे

नई दिल्ली, 2 अप्रेल। राज्यसभा में 33 साल की लंबी पारी खेलने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह मंगलवार को रिटायर हो गए। उनके साथ ही राज्यसभा के 54 सांसदों का कार्यकाल भी खत्म हो रहा है। इनमें से कई सांसद लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं तो कई सांसद ऐसे हैं जिनकी राज्यसभा में वापसी भी हो रही है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह 3 अप्रैल यानी बुधवार को राज्यसभा से रिटायर हो रहे हैं तो वहीं कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी राज्यसभा में डेब्यू करने जा रही हैं। वे अब तक लोकसभा सांसद रहीं लेकिन इस बार रायबरेली से चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है।

**■ मनमोहन सिंह के साथ राज्यसभा से कुल 54 सांसद रिटायर हो रहे हैं। इनमें आठ वर्तमान केन्द्रीय मंत्री हैं, तथा इनमें से कुछ लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।**

# सिद्धारमैया राजनीति से सन्यास लेंगे, डी.के. शिवकुमार की राह आसान हुई

## मु.मंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि, वे उम्रदराज हो गये हैं तथा भविष्य में कोई चुनाव लड़ने की इच्छा नहीं है

बैंगलुरु, 2 अप्रेल। कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद मु.मंत्री पद को लेकर संघर्ष छिड़ गया था। कई दिनों तक खींचतान के बाद हाईकमान डीके शिवकुमार को राजी कर पाया था और फिर सिद्धारमैया को एक बार फिर मुख्यमंत्री का पद मिल गया। अब भी डीके शिवकुमार के समर्थक अकसर अपना दुख जाहिर करते रहते हैं। इस बीच सिद्धारमैया का एक बयान डीके शिवकुमार के समर्थकों को राहत दे सकता है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के करीबी डीके शिवकुमार आज भी कर्नाटक की राजनीति में एक ध्रुव हैं।

अब सिद्धारमैया ने रिटायरमेंट के संकेत दे दिए हैं। उन्होंने मैसुरु में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि वह भविष्य में कोई भी चुनाव नहीं लड़ना चाहेंगे। इसकी वजह यह है कि उनकी उम्र बढ़ रही है और स्वास्थ्य की समस्याएं हैं। दरअसल उनसे पूछा गया था कि क्या वह फिर से विधानसभा चुनाव में वरुणा सीट से लड़ेंगे। इसके जवाब में उन्होंने अपने रिटायरमेंट प्लान का ही संकेत दे दिया। 77 साल के नेता ने कहा कि मेरी उम्र बढ़ रही है। मैं आने वाले समय में कितने दिनों तक इसी ऊर्जा के साथ काम कर सकूंगा, यह अहम सवाल है।

**■ दरअसल, सिद्धारमैया से पूछा गया था कि, क्या वे फिर से विधानसभा चुनाव में वरुणा सीट से लड़ेंगे। इसके जवाब में उन्होंने अपने रिटायरमेंट प्लान का पहले ही संकेत दे दिया। 77 साल के नेता ने कहा कि, मेरी उम्र बढ़ रही है। मैं आने वाले समय में कितने दिनों तक इसी ऊर्जा के साथ काम कर सकूंगा, यह अहम सवाल है।**

उन्होंने कहा, मेरी उम्र 77 साल हो गई है। मु.मंत्री और विधायक के तौर पर अभी मेरा 4 साल का यह कार्यकाल बचा है। जब तक मेरा यह कार्यकाल समाप्त होगा, मेरी उम्र 81-82 होगी। ऐसे में मैं उस उम्र में कैसे उसी ऊर्जा के साथ काम कर पाऊंगा।

सिद्धारमैया ने कहा कि मैंने 1978 में राजनीति में एंट्री की थी और रिटायरमेंट तक मेरे 50 साल ही पूरे हो जाएंगे। दरअसल कर्नाटक में बीते कुछ समय से लगातार कयास लग रहे हैं कि लीडरशिप में चेंज हो सकता है। उन्होंने अपनी वरुण विधानसभा सीट की जनता से अपील करते हुए कहा कि लोकसभा इलेक्शन में कांग्रेस कैंडिडेट को यहीं से 60 हजार वोटों की लीड मिल जाए। ऐसा हुआ तो फिर जीत आसान हो जाएगी।

### क्या यह ज़मीनी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कि उसे अब उन्हें और हिरासत में रखने की जरूरत नहीं है।

अब यह देखना शेष है कि क्या निकट भविष्य में मनीष सिसोदिया को भी जमानत मिल सकती है।

ई.डी., सी.बी.आई., और इनकम टैक्स द्वारा विपक्ष के नेताओं को जिस तरीके से निशाना बनाया जा रहा है, उससे बेचैनी व असहजता का एक माहौल बन चुका है।

इसके अलावा जिस तरीके से वे नेता भाजपा में शामिल हुए जिन पर केस लगे हुए थे और भाजपा में शामिल होने के बाद उन्हें क्लीन चिट दे दी गई जो केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार द्वारा पूर्णरूप से सत्ता के दुरुपयोग को दर्शाता है।

मजेदार बात यह है कि भाजपा ने गरीब तबके के लोगों से फीडबैक प्राप्त किया है कि समस्या तो है और मोदी ब्रॉण्ड खतरे में है।

### तेलंगाना व कर्नाटक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कहता है कि वह एक बार फिर से प्रधानमंत्री बन गया तो उसके सपने पूरे कर देगा। यह मजाकियां संवाद तब तक चलते रहते हैं जब तक कि वह यह नहीं कहता है कि तो फिर मौसी "मेरे मित्र मोदी के बारे में क्या सोचा। वो मौसी उस व्यक्ति को अपने घर से धक्का मारकर बाहर निकालती हुई कहती है कि कोई ऐसे व्यक्ति का चुनाव भला क्यों करेगा और वह उसे वोट नहीं देगी।

फिर सीन कट होने के बाद मोदी जी का वह फेमस क्लिप आता है- "अरे हम तो फ़कीर आदमी है, झोला लेकर चल पड़ेंगे जी।"

रोचक बात यह है कि, अब कांग्रेस रचनात्मकता में भी भाजपा से प्रतिस्पर्धा कर रही है। लोकप्रिय फिल्मों, गानों और विज्ञापनों की पैरोडी का अक्सर उपयोग किया जाता है, राजनीतिक संदेश देने के लिए। इस प्रश्न पर कि, राजनीतिक पार्टियाँ अपने संदेश देने के लिए इस प्रकार की रचनात्मकता का उपयोग क्यों करती हैं, एडवरटाइज़िग जगत के एक प्रोफेशनल ने कहा, "क्योंकि ये गाने और विज्ञापन पहले से लोकप्रिय होते हैं और स्मृति में उनके बने रहने की बात साबित हो चुकी होती है।"

ज्ञातव्य है कि, राहुल गांधी ने जी.एस.टी. को गब्बर सिंह टैक्स की संज्ञा दी थी। यह भी ज्ञात है कि, शोले फिल्म में गब्बर सिंह का चरित्र अन्य बड़े स्टार्स के ऊपर छा गया था और उसके डायलॉग बहुत अधिक लोकप्रिय हुए थे।

बिस्कुट के एक बहुत लोकप्रिय ब्राण्ड की सेल्स और मार्केटिंग कैम्पेन की टैग लाइन थी- "गब्बर की असली पसंद।"

आज भी गब्बर सिंह और शोले फिल्म 70 के दशक से लेकर अभी तक, कई पीढ़ियों के ज़हन में जीवित है।

# 'जेल में फाइलें लाना नैतिक रूप से ठीक नहीं, केजरीवाल को इस्तीफा दे देना चाहिये'

नई दिल्ली, 2 अप्रेल। यदि कोई संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति हिरासत में है तो फिर उसका जिम्मेदारी पर बने रहना ठीक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस अजय रस्तोगी ने दिल्ली के मु.मंत्री अरविंद केजरीवाल को यह सलाह दी है। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात नहीं है कि यदि कोई हिरासत में है, तब भी अपने पद पर बना रहे। उनकी यह टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है, जब भाजपा समेत एक वर्ग अरविंद केजरीवाल से इस्तीफे की मांग कर रहा है। उन्हें ई.डी. ने गिरफ्तार कर लिया था और शराब घोटाले के केस में वह फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

जस्टिस रस्तोगी ने कहा, मैं समझता हूं कि जनप्रतिनिधित्व कानून के सेक्शन 8 और 9 में अयोग्यता का प्रावधान है। इसमें कई बातें कही गई हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कैदियों के लिए बने कानून में भी कई बातें कही गई हैं। इसके तहत किसी भी कैदी तक कोई दस्तावेज सीधे तौर पर नहीं जा सकता। उसे पहले जेल अधीक्षक देखेंगे और फिर उन्हें कैदी तक भेजा जाएगा। संवैधानिक पद की शपथ में गोपनीयता भी शामिल है। ऐसे में दिल्ली में कैदियों के लिए बना यह नियम अरविंद केजरीवाल को जेल से ही सरकार चलाने और फाइलों पर साइन करने की परमिशन नहीं देता।

**■ सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस अजय रस्तोगी ने केजरीवाल को यह सलाह दी।**

उन्होंने कहा कि यदि ऐसे नियम हैं तो फिर यह सही समय है कि अरविंद केजरीवाल फैसला लें कि उन्हें अपने पद पर बने रहना चाहिए या नहीं। आखिर इससे किसे फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा, आप मुख्यमंत्री जैसे शीर्ष पद पर हैं, जो सार्वजनिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है। नैतिकता यह कहती है कि उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। आप पिछले उदाहरण भी देख सकते हैं। जयललिता, लालू प्रसाद यादव जैसे नेताओं ने भी रिजाइन कर दिया था।

इसके अलावा हेमंत सोरेन ने भी इस्तीफा दिया ही था। आप हिरासत में मु.मंत्री के तौर पर कोई फाइल मंगाकर साइन नहीं कर सकते। मेरा स्पष्ट मत है कि नैतिकता के मुताबिक इस्तीफा देना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज ने कहा कि सरकारी कर्मचारी को लेकर कानूनी एजेंसियों की ओर से गिरफ्तारी पर जो नियम हैं, वह भी यही कहते हैं। वह कहते हैं, आप सरकारी सेवा को ही देखिए। यदि कोई सरकारी कर्मचारी 48 घंटे तक पुलिस की हिरासत में रहता है तो फिर उसे निलंबित कर दिया जाता है। कोई यह नहीं देखता कि आखिर केस की मेरिट क्या है। अब आप हिरासत में हैं और भगवान ही जानता है कि कब तक रहेंगे।






राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908